सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...दै0 आई नेक्स्ट लखनऊ... दिनांक 27 MAR 2024

## अब भी है वोटर बनने का मौका, वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं अपना नाम

# एक क्लिक में घर बैठे बनें वोटर

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (26 March):** लखनऊ लोकसभा सीट पर 20 मई को वोटिंग होगी. नॉमिनेशन का शेड्यूल भी फाइनल हो गया है. लेकिन अगर किसी वजह से अभी तक आपका नाम वोटर लिस्ट में नही है तो बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत है. आप घर बैठे एक क्लिक में ही वोटर बन सकते हैं और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हो सकते हैं. इसके लिए आपको इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर जाकर सिर्फ फॉर्म नंबर-6 भरना होगा. बताते चलें कि लोकसभा इलेक्शन को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है. इसके लिए वोटर लिस्ट में नाम एड कराने काम किया जा रहा है. डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर हर पोलिंग सेंटर में जाकर वोटिंग लिस्ट पब्लिक से शेयर कर रहे हैं. इसके साथ ही बीएलओ भी अपने एरिया में जाकर वोटिंग लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रयास कर रहे हैं.



## इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट से एड्रेस और मोबाइल नंबर भी कर सकते हैं अपडेट

### एक वेबसाइट में सारी सुविधाएं

नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाना है या एड्रेस या मोबाइल नंबर चेंज कराना है या वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराना है तो आपको वेबसाइट rvoter.eci.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा. उसके बाद आपको सभी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म में मिल जाएंगी.

### यह भी सुविधा ले सकते हैं एक क्लिक पर

**01** वोटर लिस्ट में शामिल व्यक्ति को अगर अपनी डिटेल जैसे मोबाइल नंबर, एड्रेस इत्यादि में चेंज कराना है तो उसके लिए फॉर्म 8 भरना होगा.

**02** निर्वाचन क्षेत्र में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसफर के मामले में 8 (क) फॉर्म भरा जाता है.

**03** वोटर हेल्पलाइन एप से भी आप वोटर लिस्ट में अपने नाम इत्यादि की जानकारी हासिल कर सकते हैं, संशोधन के लिए फॉर्म भी भर सकते हैं

### लखनऊ जिले में...

**39.53** लाख वोटर्स हैं कुल

**20.93** लाख मेल वोटर्स

**18.59** लाख फीमेल वोटर्स

**158** थर्ड जेंडर वोटर्स

### कुल 1545 मतदान केंद्र

लोकसभा चुनाव के लिए अब तक लखनऊ और मोहनलालगंज सीटों पर कुल 3953287 मतदाता हैं. कुल 1545 मतदान केंद्रों के 3766 मतदेय स्थल चुनाव के लिए तैयार हैं. लखनऊ लोकसभा के तहत लखनऊ पश्चिम, उत्तर, मध्य, पूर्वी और कैंट विधानसभा सीटें आती हैं. मोहनलालगंज लोकसभा में मोहनलालगंज विधानसभा, सरोजनीनगर, बख्शी का तालाब और मलिहाबाद विस सीटें हैं. लखनऊ लोकसभा में 2147932 और मोहनलालगंज लोकसभा में कुल 1805355 मतदाता हैं.

**लखनऊ और मोहनलालगंज सीट पर वोटिंग के लिए 1545 मतदान केंद्र बनाए गए हैं**

### लोगों को किया जा रहा है जागरूक

वोटर्स को जागरुक करने के अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जो स्कूलों-कॉलेजों में जाकर नए वोटर्स को वोट डालने के लिए अवेयर कर रही हैं. एरिया वाइज चल रहे अभियान के दौरान दिव्यांगजनों और सीनियर सिटीजंस को घर बैठे वोट डालने संबंधी सुविधा की जानकारी दी जा रही हैं.

### टोल फ्री नंबर पर कॉल करें

आप टोल फ्री नंबर पर कॉल करके वोटर आईडी कार्ड या वोटिंग स्थल से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकते हैं. इसके लिए आपको लोकसभा चुनाव से संबंधित टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करना होगा. इस नंबर पर कॉल करके आप नाम जुड़वाने संबंधी कई जानकारी ले सकते हैं. इस नंबर पर कॉल आपको इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से करनी होगी. अगर मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड नहीं है तो पहले वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड कराएं.

### लखनऊ संसदीय क्षेत्र में विधानसभा वाइज वोटर्स

| असेंबली एरिया | वोटर्स की संख्या |
|---|---|
| पश्चिम | 465043 |
| उत्तर | 483793 |
| पूर्वी | 458984 |
| मध्य | 372458 |
| कैंट | 367654 |

### मोहनलालगंज सीट पर विधानसभा वाइज वोटर्स

| असेंबली एरिया | वोटर्स की संख्या |
|---|---|
| मोहनलालगंज | 364310 |
| मलिहाबाद | 367524 |
| बीकेटी | 483675 |
| सरोजनीनगर | 589846 |

सभी आंकड़े चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 अमर उजाला, लखनऊ ............ दिनांक 27 MAR 2024 ............

# सी-विजिल एप पर शिकायत के लिए मोबाइल नंबर की जरूरत नहीं

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** कोई प्रत्याशी आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है तो आम नागरिक भी इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। शिकायत के 100 मिनट के भीतर निर्वाचन आयोग कार्रवाई करेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कोई प्रत्याशी मतदाताओं को पैसा-शराब आदि बांट रहा है तो इस एप के माध्यम से आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत से संबंधित फोटो वीडियो भी अपलोड कर सकते हैं।

शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नंबर देता है तो वह अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत दर्ज होने पर संबंधित रिटर्निंग अफसर अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को मौके पर भेजता है।




**शिकायत होने के 100 मिनट के अंदर होगा निराकरण**

जांच-पड़ताल के बाद अधिकारी को पोर्टल पर शिकायत के निस्तारण संबंधी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आमतौर पर सी-विजिल एप के जरिये पैसा, गिफ्ट कूपन, शराब बांटने आदि की शिकायतें दर्ज की जाती हैं। साथ ही बिना अनुमति के पोस्टर, बैनर लगाने या बैठक करने, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाने, धार्मिक और उन्मादी भाषण संबंधी परिवाद दर्ज किए जाते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# सी-विजिल पर अब तक आयीं 496 शिकायतें



लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश में सी-विजिल ऐप पर अब तक कुल 496 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इसमें से 272 शिकायतें सही पायी गयी जबकि 224 शिकायतें गलत पायी गयी। इस प्रकार सभी 496 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। अभी तक पूरे उप्र में सी-विजिल ऐप के तहत शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 80 मिनट है जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक विभिन्न तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सी-विजिल मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सी-विजिल मोबाइल ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी फोटोग्राफ, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनट के अन्दर कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपने नाम या मोबाइल नम्बर से शिकायत करता है तो अपनी शिकायत की स्थिति में हुई कार्यवाही को देख सकता है।

**272 शिकायतें सही पायी गयीं जबकि 224 शिकायतें गलत पायी गयीं**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै0 स्पष्ट आवाज, लखनऊ [illegible] MAR 2024

समाचार पत्र का नाम ................................................................................ दिनांक ..........................

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप की हैं पैनी नजर

**कौशाम्बी।** पोस्टर, बैनर, होर्डिंग,वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो तो सी0-विजिल एप पर करें शिकायत, तत्काल होगी कार्यवाही जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में यदि कोई राजनैतिक दल/प्रत्याशी वोटरों को रिझाने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो वह आसानी से पकड़ में आ जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मामलों में सी0-विजिल एप के माध्यम से त्वरित एवं तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जनपद कौशाम्बी के किसी शहरी अथवा ग्रामीण व्यक्ति को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग अथवा वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए सी0-विजिल एप ( सिटीजन ऐप) को अपने एंड्रायड मोबाइल में प्ले स्टोर में जाकर अपलोड कर शिकायत कर सकता है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर व्यक्ति सी0-विजिल एप ओपेन कर एक फोटो या वीडियो रिकॉर्ड करेगा। यह फोटो जीपीएस के ऑटोमैटिक लोकेशन मैपिंग के साथ एप पर अपलोड करेगा। इसके बाद मोबाइल पर एक यूनिक आईडी आएगी। इसकी मदद से वह आगे की प्रक्रिया को अपडेट कर सकेगा। ऑनलाइन होते ही तत्काल एप सक्रिय होगा और जीपीएस प्रणाली से वह लोकेशन ट्रेस की जाएगी जहां पर शिकायतकर्ता द्वारा उल्लंघन की बात बताई गयी है। नजदीकी फ्लाइंग स्क्वायड दल मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। सी0-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अन्दर निस्तारित की जायेंगी। व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखी जाएगी।

# सी-विजिल एप से आचार संहिता उल्लंघन की करें शिकायत, होगी कार्रवाई

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** लोकसभा चुनाव 2024 में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर रखी है। चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सी-विजिल एप को लांच किया है।

इसको मोबाइल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर संबंधित की शिकायत की जा सकती है। शिकायत मिलते ही चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप से आदर्श चुनाव आचार संहिता को कायम रखने के उद्देश्य से विशेष तौर पर चुनाव आयोग द्वारा एप तैयार कराया गया है। इसका प्रयोग करना भी बड़ा आसान है और कोई व्यक्ति चुनाव में उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज करा सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श




चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है।

**ऐसे करें शिकायत की निगरानी**

आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

**क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?**

सी-विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है।

शिकायत निवारण की प्रक्रिया

शिकायत निस्तारण की नियत समयावधि 100 मिनट है।

शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

**सी-विजिल एप में दर्ज होने वाली शिकायत**

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट व कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते हैं।

# मतदाता सूची में है गड़बड़ी तो आप भी करें शिकायत

माई सिटी रिपोर्टर

## हेल्पलाइन नंबर 1950 पर अब तक 2211 वोटर कर चुके हैं शिकायत

## सरोजनीनगर के मतदाता सबसे आगे 1802 शिकायतों का हुआ निस्तारण

लखनऊ। चुनाव आयोग की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 1950 पर लोग लगातार शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें मतदाता सूची में गड़बड़ी की हैं। अभी तक कुल 2211 लोग शिकायत दर्ज करा चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। इसके बाद पूर्वी व उत्तरी विधानसभा के लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। अब तक की गई कुल शिकायतों में से 1802 का निस्तारण किया जा चुका है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। यही नहीं नाम में गड़बड़ी की शिकायतें भी की जा रही हैं। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से कुल 459 लोगों ने शिकायतें की हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने इनमें से 401 का निस्तारण किया है। वहीं, लखनऊ उत्तरी विधानसभा से 387 लोगों ने शिकायत की है, जिसमें 300 का निस्तारण हो गया है। इसके अलावा पूर्वी विधानसभा से 402 में से 321 का निस्तारण किया जा चुका है। आंकड़ों के मुताबिक मतदाता सूची में नाम नहीं होने की 1100 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि उनके परिवार के लोगों का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। इसके अलावा जिन लोगों के नाम दर्ज हैं, उनमें भी कई खामियां हैं।

मामले का निस्तारण नहीं होने पर कुल छह ऐसी शिकायतें हैं, जिनको दोबारा समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सूर्यपाल गंगवार का कहना है कि अभी भी वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का मौका है। लोग मतदाता सूची में गड़बड़ी या नाम जुड़वाने के लिए हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज कराएं। सभी का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै० दैनिक भास्कर लखनऊ 27 MAR 2024

समाचार पत्र का नाम ............ दिनांक ............

सी-विजिल मोबाइल ऐप का उपयोग कर

# आचार संहिता उल्लंघन मामले की करें शिकायत

भास्कर ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रेस नोट संख्या-23निष्पक्ष चुनाव के लिए सी-विजिल मोबाइल ऐप का उपयोग कर जागरूक नागरिक बनेंसी-विजिल ऐप से आचार संहिता उल्लंघन मामले की करें शिकायत शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहींसी-विजिल ऐप के तहत चुनाव की घोषणा होने के पश्चात प्रदेश में अब तक कुल 496 शिकायतें दर्ज हुई दिनांक 26 मार्च, 2024 लखनऊउत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक विभिन्न तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सी-विजिल मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सी-विजिल मोबाइल ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपने नाम या मोबाइल नंबर से शिकायत करता है तो अपनी शिकायत की स्थिति में हुई कार्यवाही को देख सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए चुनाव की घोषणा होने के पश्चात उत्तर प्रदेश में सी-विजिल ऐप के तहत 26 मार्च तक कुल 496 शिकायतें दर्ज हुई है। इसमें से 272 शिकायतें सही पायी गयी, जबकि 224 शिकायतें गलत पायी गयी। इस प्रकार सभी 496 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। अभी तक पूरे उत्तर प्रदेश में सी-विजिल ऐप के तहत शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 80 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आमतौर पर सी-विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट/कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषण करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है।

cVIGIL



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 दैनिक जागरण, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# 45,925 लोगों ने वोटर बनने को किया आवेदन

- एक जनवरी के बाद वोटर बनने के आवेदन करने वालों में आई तेजी
- 21,967 महिलाएं और 7,236 युवा वोटरों ने किया है आवेदन

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लोकसभा चुनावों की सुगबुगाहट के साथ ही लखनऊ में मतदाता बनने की होड़ भी लगी है। बीस मई को लोकसभा चुनावों की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए जनवरी से अब तक ही 45,925 लोगों ने फार्म 6 भरकर आवेदन किया है। इनमें 21,967 महिलाएं हैं। इनमें से युवा वोटर जो 18 से 19 साल के बीच हैं उनमें भी मतदाता बनने की दिलचस्पी देखी जा रही है। अब तक सात हजार से अधिक युवाओं ने वोटर बनने के लिए आवेदन कर दिया है।

लोकसभा चुनावों के लिए तैयार मतदाता सूची में लखनऊ में 25,401 और मोहनलालगंज में 21,838 युवा वोटर पहले से मतदान के लिए तैयार हैं। एक अप्रैल को निर्वाचन आयोग सप्लीमेंट्री मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा, जिसमें आवेदन करने वालों के नाम मतदाता सूची में शमिल हो सकते हैं। वहीं दोनों लोकसभा सीटों के लिए अब तक कुल 39,53,287 मतदाता हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार का कहना है कि इस बार पुनरीक्षण के दौरान अधिक से अधिक युवा वोटरों को शामिल कराने का प्रयास किया गया। विवि से लेकर स्कूल कालेजों में भी अभियान चलाया गया, जिसका नतीजा रहा कि बड़ी संख्या में युवा वोटर मतदाता सूची में शामिल रहे। खास बात यह रही कि युवा वोटरों में लड़कियां भी आगे रहीं। 23 अप्रैल तक मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस तारीख तक जो लोग मतदाता बनने के लिए आवेदन करेंगे उनके नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं।

## राजनीतिक दल भी जुटे

महासमर 2024 सभी चुनें सही चुनें

जैसे-जैसे नामांकन की तारीख पास आ रही है आयोग के साथ ही राजनीतिक दल भी मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए लोगों से अपील कर रहे हैं। आयोग लगातार उन लोगों से वोटर बनने को कह रहा है, जो अब तक नहीं हैं। वहीं राजनीतिक दल भी युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करा रहे हैं। आयोग के नियमानुसार अधिसूचना जारी होने से पहले तक नए वोटर बनने के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## अब तक कुल वोटर

| | |
|---|---|
| पुरुष वोटर | 20,93,283 |
| महिला वोटर | 18,59,846 |
| थर्ड जेंडर | 158 |
| कुल वोटर | 39,53,287 |

## लखनऊ सीट पर युवा वोटर 18-19 के बीच

| सीट | वोटर | नए आवेदन |
|---|---|---|
| पश्चिम | 6645 | 944 |
| उत्तर | 6404 | 1132 |
| पूर्वी | 4448 | 999 |
| मध्य | 3602 | 610 |
| कैंट | 4302 | 574 |
| कुल | 25,401 | 4259 |

## मोहनलालगंज सीट पर युवा वोटर

| सीट | वोटर | नए आवेदन |
|---|---|---|
| मोहनलालगंज | 4145 | 365 |
| मलिहाबाद | 4177 | 420 |
| बख्शी का तालाब | 7266 | 845 |
| सरोजनीनगर | 6250 | 1347 |
| कुल | 21,838 | 2977 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतत्र चेतना, लखनऊ दै0 स्वतंत्र भारत, लखनऊ ........ दिनांक 27 MAR 2024

# सी-विजिल एप करेगा चुनाव की निगरानी

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है। सी-विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत निस्तारण की नियत समयावधि 100 मिनट है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है। आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज एक्टिविस्ट, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# सी विजिल एप से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी बोले एप पर लाइव वीडियो किया जा सकता है अपलोड, 100 मिनट के अंदर होगा निस्तारण**



लखनऊ ( डीएनएन )। देश में होने वाले आम चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लग चुकी है। लेकिन अभी भी कई जगहों पर आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत है सामने आ रही है जिसको देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब सी विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है।

मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी विजिल एप में अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन करके आम जनता भी शिकायत कर सकता है इसके साथ ही अपने शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। वहीं आदर्श कर संहिता के उल्लंघन में की गई शिकायतों का निस्तारण भी 100 मिनट के अंदर ही किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा यह समय सीमा निर्धारित की गई है। आम तौर पर सी विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने संबंधी शिकायतों को दर्ज किया जा सकता है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै0 स्वतंत्र भारत, लखनऊ

दै0 स्वतंत्र भारत, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........................................ दिनांक ........................ [illegible] 2024

# लोकसंभा चुनाव के चलते असलहे जमा, सैकड़ों नजरबंद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नवदीप रिणवा मीडिया प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे यूपी में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई के साथ पालन कराया जा रहा है। इसी के चलते बीते दिनों में पूरे उत्तर प्रदेश में लाइसेंसी असलहे जमा कराए गए हैं कि 3.53 से अधिक शस्त्र जमा कराए गए हैं इसी के साथ ही आपराधिक मामलों में संलिप्त होने वाले व्यक्तियों के करीब 291 लाइसेंसी असलहे जब्त किए गये हैं जबकि 3523 लाइसेंस निरस्त करते हुए इनके शस्त्र जमा कराते हुए सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई में 9.34 लाख से अधिक लोगों को पाबंद किया गया है।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एंव निजी संस्थानों सें कुल 3223023 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है सघन जांच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व राज्य कें अंदर 1746 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। वहीं यूपी पुलिस ने 1717 अवैध शस्त्र, 1752 कारतूस, 6 किलोग्राम विस्फोटक व 87 बम बरामद करते हुए अवैध शस्त्र बनाने वाले 45 केन्द्रों को सीज किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर 1904 उडनदस्ते और प्रवर्तन एर्जेसियों के 732 टीमें 24 घंटे निगरानी के लिए क्रियांवित है। प्रथम चरण के मतदान के लिए 317 स्टैटिक सर्विलांस टीम में भी तैनात की गई हैं बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने व प्रलोभन देने के मामले में करीब 9 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस समेत नार्कोटिक्स विभाग के साथ अन्य एर्जेसियों को द्वारा बीते 1 मार्च से 24 मार्च तक 7691.59 लाख कीमत की शराब, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी आदि जब्त किया गया है। यही नहीं कई क्षेत्रों मेंपुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लोगों के लाइसेंसी शस्त्र जमा करा रही है यही नहीं अपील करते हुए लोगों को कतार बद्ध करते हुए शस्त्र जमा कराए जा रहे हैं। पुलिस के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस के साथ अन्य फोर्स के जवानों के साथ फ्लैगमार्च भी करती है।

# आचार संहिता के उल्लंघन की 272 शिकायतें सही मिलीं

लखनऊ। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के पश्चात उत्तर प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की सी-विजिल ऐप के तहत 26 मार्च तक कुल 496 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इसमें से 272 शिकायतें सही पाई गईं, जबकि 224 शिकायतें गलत पाई गईं।

उत्तर प्रदेश में सी-विजिल ऐप के तहत शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 80 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र भारत, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# लोकसभा चुनाव : आचार संहिता के उल्लंघन की 272 शिकायतें सही मिलीं




स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के पश्चात उत्तर प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की सी-विजिल ऐप के तहत 26 मार्च तक कुल 496 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इसमें से 272 शिकायतें सही पाई गई, जबकि 224 शिकायतें गलत पाई गईं। इस प्रकार सभी 496 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। अभी तक पूरे उत्तर प्रदेश में सी-विजिल ऐप के तहत शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 80 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन मामलों की शिकायत दर्ज करवाने के लिए केन्द्रीय चुनाव आयोग सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित किया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत लिए इस ऐप के माध्यम से नागरिक मित्र तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सी-विजिल मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सी-विजिल मोबाइल ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपने नाम या मोबाइल नंबर से शिकायत करता है तो अपनी शिकायत की स्थिति में हुई कार्रवाई को देख सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आमतौर पर सी-विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट, कूपन वितरण, शराब वितरण, आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषण करने संबंधी परिवाद अंकित किए जाते है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......अमृत विचार लखनऊ...... दिनांक ......27 MAR 2024......

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप पर मतदाता करें शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की अपील

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन पर मतदाता सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायत करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से यह अपील की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप के जरिए आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से सी-विजिल ऐप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके मतदाता अपनी शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, पर अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग ऑफिसर अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजकर कार्रवाई करेंगे।

### सी-विजिल ऐप में दर्ज होने वाली शिकायतें

आम तौर पर सी-विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट- कूपन वितरण, शराब वितरण संबंधी शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज होंगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ 27 MAR 2024

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर, लखनऊ दिनांक

# Electorate to get voter information slips

PNS ■ LUCKNOW

Chief Election Officer of Uttar Pradesh Navdeep Rinwa has announced that voter information slips will be issued to all registered voters for the forthcoming Lok Sabha elections. These slips will contain essential details such as the voter numbers and names in the electoral roll, serial numbers, polling station names, date of voting, QR code, and more on the front side. The back side will feature a map of the polling station, the name and contact number of booth-level officer (BLO), details of alternative documents for voting, and important instructions.

Additionally, each family will receive a coloured voter guide in Hindi, providing visual instructions on using the EVM and information about the Election Commission of India's apps such as Saksham-ECI, Voter Helpline, Know Your Candidate, and cVIGIL.

According to the Election Commission guidelines, distribution of voter information slips will commence from nine days before the polling date and continue until five days prior.

The slips will be handed out by the BLOs to registered voters or any adult family member after obtaining their signature.

Furthermore, the voter guide will include information on voter registration, voting procedures, options for voting from home for Divyangjans and senior citizens, and the postal ballot facility.

Simultaneously, Rinwa highlighted the enforcement of the Model Code of Conduct across the state following the announcement of election dates on March 16. A total of 34,88,825 promotional materials have been removed from public and private spaces to ensure compliance. This includes removal of posters, banners, wall writings, and other promotional materials.

The chief electoral officer emphasised that action is being taken by various departments such as Police, Income Tax, Excise, Narcotics, etc to enforce the code of conduct effectively. Notably, a significant number of licenced arms have been deposited, illegal arms confiscated, and preventive actions undertaken to maintain law and order during the electoral process.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 हिन्दुस्तान, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# पहले चरण में अब तक 46 नामांकन

## भाजपा-रालोद के प्रत्याशी आज पर्चा भरेंगे

**मुकाबला**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर मंगलवार को कुल 42 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। बुधवार नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। अब तक इन आठ सीटों पर कुल 46 उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर चुके है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन के लिए 20 मार्चको अधिसूचना जारी हुई थी। प्रथम चरण के लिए अब तक विभिन्न राजनैतिक दलों के कुल 46 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। मंगलवार को कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 22 मार्च को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। सहारनपुर में मंगलवार को कुल चार और कैराना लोकसभा सीट में मंगलवार को सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर मंगलवार को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बिजनौर सीट में मंगलवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया।नगीना (सुरक्षित) में अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुरादाबाद लोकसभा सीट में अब तक कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। रामपुर लोकसभा सीट में मंगलवार को पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसी प्रकार - पीलीभीत लोकसभा सीट में अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

# प्रथम चरण के लिए संजीव बालियान, इमरान मसूद सहित 42 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

- प्रथम चरण में अब तक 46 नामांकन पत्र दाखिल
- नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अन्तिम दिन
- कैराना में सपा से दो प्रत्याशी मैदान में उतरे

**लखनऊ (एसएनबी)**। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर प्रथम चरण के आठ सीटों पर चल रहे नामांकन कार्य को लेकर मंगलवार को चौथे दिन भाजपा के संजीव बालियान, कांग्रेस के इमरान मसूद सहित 42 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कैराना सीट पर सपा के दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। इन सीटों ने अब तक 46 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। प्रथम चरण के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का अन्तिम दिन है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण का नामांकन 20 मार्च से चल रहा है। प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सुरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत के लिए चुनाव होना है। उन्होंने बताया कि चौथे दिन सहारनपुर सीट के लिए कांग्रेस के इमरान मसूद, बसपा के माजिद अली, निर्दलीय राशिद खाद व शबनम ने नामांकन पत्र भरा। इसी तरह कैराना सीट से सात प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की। इसमें सपा से नाहिद हसन व इकारा चौधरी, बसपा के श्रीपाल, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी की प्रीति कश्यप, अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी के विक्रम सैनी, आजाद अधिकार पार्टी के ओमवीर व निर्दलीय मनोज राना शामिल हैं।

मुजफ्फरनगर सीट से दाखिल 11 नामांकन पत्रों में भाजपा के संजीव कुमार बालियान, सपा के हरेन्द्र सिंह मलिक, बसपा के दारा सिंह प्रजापति, जय समता पार्टी के नील कुमार, सर्वजन लोकशक्ति पार्टी के ओम पाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के नंदकिशोर पुण्डीर सहित निर्दलीय गौतम आनन्द, प्रदीप कुमार, चरन सिंह व राज किशोर गर्ग शामिल हैं। बिजनौर सीट से चार प्रत्याशियों में बसपा के वृजेन्द्र सिंह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी के रामधन सिंह, पीपुल्स पार्टी आफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) के राजपाल व मजलूम समाज पार्टी के फरमान, नगीना (सुरक्षित) से बसपा के सुरेन्द्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी के धरमवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी आफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) के रवीन्द्र भारती, मुरादाबाद सीट से भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह, बसपा के मोहम्मद इरफान, सपा के डा. एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह व निर्दलीय साधना सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसके अलावा रामपुर सीट से पांच प्रत्याशियों में परचम पार्टी आफ इण्डिया के सीफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी के जगत सिंह, लेबर पार्टी आफ इण्डिया के अब्दुल कादर सहित निर्दलीय अशोक कुमार व शिव प्रसाद तथा पीलीभीत सीट से बसपा के अनीस अहमद खान (फूल बाबू), सपा के भगवत शरण गंगवार व निर्दलीय आदर्श पाण्डेय ने अपने पर्चे दाखिल किये। इन सीटों ने अब तक 46 नामाकंन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। इन सीटों के लिए प्रत्याशी 27 मार्च तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 28 मार्च को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 30 मार्च को नामांकन पत्र वापसी के साथ चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य किया जाएगा। इन सीटों के लिए मतदान 19 अप्रैल तथा मतगणना 04 जून को होगी।

# पहले चरण के लिए नामांकन करने का आज अंतिम दिन

**महासमर 2024**
**सभी चुनें सही चुनें**

- **अब तक 46 उम्मीदवार भर चुके हैं नामांकन पत्र, 19 अप्रैल को मतदान**
- **उत्तर प्रदेश में आठ सीटों के लिए हो रहे हैं पहले चरण के चुनाव**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** आठ लोकसभा सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव में 27 मार्च को नामांकन का अंतिम दिन है। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। अब तक 46 प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र भर चुके हैं। इनमें से 42 प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया है।

भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस के पहले चरण की सीटों के प्रत्याशी अब घोषित हो चुके हैं। ऐसे में मंगलवार को सर्वाधिक 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से भाजपा के संजीव कुमार बालियान, सपा के हरेंद्र मलिक व बसपा के दारा सिंह प्रजापति सहित कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बिजनौर से बसपा के वीजेन्द्र सिंह सहित चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगीना सुरक्षित सीट से बसपा के सुरेन्द्र पाल सिंह सहित तीन प्रत्याशियों ने अपना पर्चा भरा। रामपुर लोस सीट से दो निर्दलीय सहित पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पीलीभीत से सपा के भगवत शरण गंगवार, बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सहित तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सहारनपुर से कांग्रेस के इमरान मसूद, बसपा के माजिद अली सहित चार प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। शामली लोकसभा सीट से सपा की इकरा हसन, बसपा के श्रीपाल सिंह सहित सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। यहां से इकरा हसन के भाई कैराना के विधायक नाहिद हसन ने भी सपा के चुनाव चिह्न पर पर्चा भरा है। नाहिद हसन को पार्टी ने वैकल्पिक उम्मीदवार बनाया है। यदि किन्हीं कारणों से इकरा का पर्चा निरस्त होता है तो उनके भाई यहां चुनाव लड़ेंगे। नामांकन का अंतिम दिन बुधवार को है। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 30 मार्च को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि है।

# प्रथम चरण की आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 46 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए 27 मार्च नामांकन की अंतिम तिथि

**डेली न्यूज नेटवर्क**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री.नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 के प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन हेतु 20 मार्चए 2024 को अधिसूचना जारी हुई थी। प्रथम चरण के लिए अब तक विभिन्न राजनैतिक दलों के कुल 46 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया।

आज मंगलवार को कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 22 मार्च को 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज मंगलवार को जिन राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 1.सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज मंगलवार को कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से इमरान मसूदए बहुजन समाज पार्टी से माजिद अलीए स्वतंत्र प्रत्याशियों में राशिद खान एवं शबनम हैं। इसी प्रकार 2.कैराना लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 07 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से इकरा चौधरीए बहुजन समाज पार्टी से श्रीपालए समाजवादी पार्टी से वैकल्पिक प्रत्याशी नाहिद हसनए राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से प्रीती कश्यपए अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी से विक्रम सैनीए आजाद अधिकार सेना से ओमवीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशी मनोज राना हैं। इसी प्रकार 3.मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियानए समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिकए बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापतिए जयसमता पार्टी से नील कुमारए सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंहए राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविताए राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशियों में गौतम आनन्दए प्रदीप कुमारए चरन सिंहए राजकिशोर गर्ग हैं।

इसी प्रकार 4.बिजनौर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 04 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए जिसमें बहुजन समाज पार्टी से विजेन्द्र सिंहए.मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंहए पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया डेमोक्रटिक राजपालए मजलूम समाज पार्टी से फरमान हैं। इसी प्रकार 5.नगीना ;अ0जा0द्ध लोकसभा सीट में अब तक कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए इसमें से आज मंगलवार को 03 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुरेन्द्र पाल सिंहए समाजवादी आंदोलन पार्टी से धरमवीर सिंहए पीपुल्स पार्टी ऑफइण्डिया ;डेमोक्रटिकद्ध से रवीन्द्र भारती हैं। इसी प्रकार 6.मुरादाबाद लोकसभा सीट में अब तक कुल 06 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए इसमें से 05 प्रत्याशियों ने आज मंगलवार को नामांकन कियाए जिसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंहए बहुजन समाज पार्टी से मो0 इरफानए समाजवादी पार्टी से डॉ0 एस0टी0 हसनए भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह तथा स्वतंत्र प्रत्याशी में साधना सिंह हैं। इसी प्रकार 7.रामपुर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 05 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए जिसमें परचम पार्टी ऑफइण्डिया से सैफत अली खानए जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंहए लेबर पार्टी ऑफइण्डिया से अब्दुल कादरए स्वतंत्र प्रत्याशियों में अशोक कुमारए शिवप्रसाद हैं। इसी प्रकार 26.पीलीभीत लोकसभा सीट में अब तक कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए जिसमें आज मंगलवार को 03 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान ;फूल बाबूद्धए समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवारए स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य निर्धारित है।

नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्चए 2024 ;बुधवारद्ध निर्धारित है। 28 मार्चए 2024 वृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्चए 2024 ;शनिवारद्ध तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैलए 2024 ;शुक्रवारद्ध को मतदान होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै0 आई नेक्स्ट, लखनऊ ........ दिनांक 27 MAR 2024

आठ लोकसभा सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव के लिए सरगर्मियां बढ़ीं

# पहले चरण के नामांकन का आज अंतिम दिन

अब तक 46 प्रत्याशी भर चुके हैं नामांकन



LUCKNOW (26 March) : आठ लोकसभा सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव में बुधवार 27 मार्च को नामांकन का अंतिम दिन है. पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत के लिए मतदान 17 अप्रैल होगा. अब तक 46 प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र भर चुके हैं. इनमें से 42 प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया है.

### नामांकन रहे जारी

भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस के पहले चरण की सीटों के प्रत्याशी अब घोषित हो चुके हैं. ऐसे में मंगलवार को सर्वाधिक 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया. मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से भाजपा के संजीव कुमार बालियान, सपा के हरेंद्र मलिक व बसपा के दारा सिंह प्रजापति सहित कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया. बिजनौर से बसपा के वीजेन्द्र सिंह सहित चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया. नगीना सुरक्षित सीट से बसप्रा. के सुरेन्द्र पाल सिंह सहित तीन प्रत्याशियों ने अपना पर्चा भरा.

### रामपुर से पांच नामांकन

रामपुर लोकसभा सीट से दो निर्दलीय सहित पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया. पीलीभीत से सपा के भगवत शरण गंगवार, बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सहित तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया. सहारनपुर से कांग्रेस के इमरान मसूद, बसपा के माजिद अली सहित चार प्रत्याशियों ने पर्चा भरा. शामली लोकसभा सीट से सपा की इकरा हसन, बसपा के श्रीपाल सिंह सहित सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. यहां से इकरा हसन के भाई कैराना के विधायक नाहिद हसन ने भी सपा के चुनाव चिह्न पर पर्चा भरा है. नाहिद हसन को पार्टी ने वैकल्पिक उम्मीदवार बनाया है. यदि किन्हीं कारणों से इकरा का पर्चा निरस्त होता है तो उनके भाई यहां चुनाव लड़ेंगे. नामांकन का अंतिम दिन बुधवार को है. 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 30 मार्च को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि है.

## योगी आज से शुरू करेंगे प्रचार अभियान

27 से 31 मार्च तक पांच दिनों में 15 प्रबुद्ध सम्मेलनों में लेंगे भाग

LUCKNOW (26 March) : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से चुनाव अभियान को लेकर पूरी तरह से सक्रिय नजर आएंगे. चुनावी रैलियों से पहले मुख्यमंत्री प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिये अलग-अलग जिलों में लोगों से संवाद करेंगे और सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा साझा करेंगे. 27 से 31 मार्च तक 15 जिलों में प्रस्तावित सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री भाजपा के लिए चुनावी जमीन तैयार करेंगे.



### मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से शुरुआत

सीएम के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी. वहीं, 28 मार्च को बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है. 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर और 30 मार्च को मुख्यमंत्री बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर के प्रबुद्ध सम्मेलन में लोगों से संवाद करेंगे. 31 मार्च को मुख्यमंत्री बरेली, रामपुर और पीलीभीत में आयोजित सम्मेलन में वह भाग लेंगे. इन प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे.

### पहले तीन चरणों में पश्चिमी यूपी में होना है चुनाव

सीएम योगी के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है, जहां शुरुआती चरणों में चुनाव होना है. पहले चरण में 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है. वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है. सात मई को तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली में चुनाव की घोषणा हुई है.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........अमृत विचार........ दिनांक ........27 MAR 2024........

# लोस चुनाव : प्रथम चरण में 42 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की आठ सीटों के लिए मंगलवार को 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 46 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। 27 को प्रत्याशी आखिरी दिन नामांकन कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट से मंगलवार को कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें कांग्रेस से इमरान मसूद, बहुजन समाज पार्टी से माजिद अली व निर्दलीय प्रत्याशियों में राशिद खान व शबनम शामिल हैं। इसी प्रकार कैराना सीट में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से इकरा चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से श्रीपाल, समाजवादी पार्टी से वैकल्पिक प्रत्याशी नाहिद हसन, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से प्रीती कश्यप, अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी से विक्रम सैनी, आजाद अधिकार सेना से ओमवीर व निर्दलीय प्रत्याशी मनोज राना शामिल हैं।

मुजफ्फरनगर सीट में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान,

**▸▸ अब तक कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया**

समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर व निर्दलीय प्रत्याशियों में गौतम आनन्द, प्रदीप कुमार, चरन सिंह, राजकिशोर गर्ग शामिल हैं। इसी प्रकार, बिजनौर लोकसभा सीट में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से विजेन्द्र सिंह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) राजपाल व मजलूम समाज पार्टी से फरमान शामिल हैं।

नगीना (सुरक्षित) सीट में अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुरेन्द्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी से धरमवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) से रवीन्द्र भारती शामिल हैं।

मुरादाबाद सीट में अब तक कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से पांच प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी में साधना सिंह शामिल हैं। रामपुर लोकसभा सीट में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर व निर्दलीय प्रत्याशियों में अशोक कुमार व शिवप्रसाद शामिल हैं। पीलीभीत सीट में अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार व स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# एनडीए के प्रत्याशी पहले चरण की छह सीटों पर आज करेंगे नामांकन

अमर उजाला ब्यूरो

**मुरादाबाद से सर्वेश सिंह और मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान ने दाखिल किया पर्चा**

लखनऊ। पहले चरण के चुनाव से संबंधित सीटों पर भाजपा के साथ ही सहयोगी दल रालोद के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी मौजूद रहेंगे। वहीं, मुरादाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह और मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान ने मंगलवार को नामांकन दाखिल कर दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन में मौजूद रहेंगे, बाद में सभा को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और रालोद के अध्यक्ष बिजनौर सीट पर रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार का नामांकन कराने के बाद सभा करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल और कैराना सीट से प्रदीप चौधरी के नामांकन में मौजूद रहेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर रामपुर सीट पर पार्टी के प्रत्याशी घनश्याम लोधी के नामांकन में मौजूद रहेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्पष्ट आवाज, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# भाजपा व सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन







मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों के साथ प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को भाजपा के उम्मीदवार सर्वेश सिंह ने अपना नामांकन करवाया। इसके बाद सपा व कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन ने नामांकन पत्र दाखिल किया। भारतीय बहुजन समता पार्टी के प्रत्याशी ओंकार सिंह ने भी नामांकन करवाया। बताते चले कि मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याषी कुवर सर्वेष सिंह अपना कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच अपना नामांकन पत्र करवाया इस दौरान भाजपा प्रदेष अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याषी ने मुहंत देखकर अपना नामांकन करवाया नामांकन को लेकर भाजपा नेताओ का जमावड़ा लगा रहा। कम्पनीबाग से पैदल जुलूस की षक्ल में भाजपा नेता चले और कमिष्नरी पर सभी को रोक दिया गया। सर्वेष सिंह के साथ भाजपा प्रदेष अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मेयर विनोद अग्रवाल, विधायक रितेष गुप्ता, एमएमएलसी डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, बढ़ापुर विधायक सुषांत सिंह समेत तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आकाषपाल, महानगर अध्यक्ष संजय षर्मा, पूर्व विधायक राजेष चुन्नू समेत भाजपा नेता जुलूस में कम्पनीबाग पहुंचकर षामिल हुये। उधर चुनावी तालमेल में कांग्रेसियों को मुरादाबाद लोकसभा सीट खाते में न मिलना भले ही साल रहा हो पर मंगलवार को सपा प्रत्याषी के नामांकन में गठबंधन की ताकत नजर आई सपा से घोशित प्रत्याषी डा0 एसटी हसन के नामांकन में कांग्रेस के भी नेता षामिल हुए। सपा ने जुलूस की मंजूरी न मिलने पर सादगी से नामांकन कराने का निर्णय लिया। हालाकिं मुरादाबाद, सम्भल से कांग्रेस की और तमाम नेताओ की दावेदारी पेष क गई है



पर पार्टी नेतृत्व से मुरादाबाद सीट पर सपा का दावा मजबूत रहा। सपा ने निवर्तमान सासंद डा0 एसटी हसन पर दोबारा दांव लगाया है नामांकन से पहले कांग्रेस के जिला व षहर अध्यक्ष के अलावा मेयर प्रत्याषी रिजवान कुरैषी, अजय सारस्वत सोनी, अमीरूल हसन जाफरी, अफजल साबरी समेत तमाम प्रमुख नेता पहुंच गए। इस दौरान पूरे कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा कड़ी रही। नामांकन शुरू होने के साथ जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसमें जिले की मुरादाबाद शहर, मुरादाबाद देहात, कांठ, ठाकुरद्वारा और बिजनौर जिले के बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता शामिल होंगे।

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ दिनांक ..................

## द्वितीय चरण की आठ सीटों पर कल से होगा नामांकन

**लखनऊ।** लोस चुनाव-2024 के द्वितीय चरण की सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य बृहस्पतिवार से शुरू होगा। द्वितीय चरण में आठ लोस सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। नामांकन पत्र पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे के मध्य दाखिल किये जा सकेंगे। प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र की इन सीटों पर नामांकन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का नामांकन 28 मार्च को अधिसूचना जारी होने के साथ प्रारम्भ हो जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे। द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर (सुरक्षित), अलीगढ़ व मथुरा शामिल है। इन सीटों के लिए प्रत्याशी 04 अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 05 अप्रैल को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 08 अप्रैल को नामांकन पत्र वापसी के साथ चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य किया जाएगा। इन सीटों के लिए मतदान 26 अप्रैल तथा मतगणना 04 जून को होगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ हिन्दुस्तान, लखनऊ 27 MAR 2024

भाजपा ने जितिन प्रसाद को पीलीभीत सीट से उतारा, बीस वर्षों से है पार्टी का कब्जा

# मेनका और वरुण के प्रभाव वाली सीट पर नया प्रयोग

वीआईपी सीट

पीलीभीत

■ प्रसून शुक्ला

**पीलीभीत।** रुहेलखंड में गांधी परिवार की छोटी बहू मेनका गांधी और सांसद वरुण गांधी के नाम से पहचान रखने वाली पीलीभीत संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने चेहरा बदल दिया है। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस बार इस संसदीय सीट पर भाजपा के प्रत्याशी हैं। वहीं, बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन के अंतर्गत सपा ने भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। बरेली निवासी भगवत सरन गंगवार पांच बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। इनके मैदान में आने से चुनाव दिलचस्प हो गया है। हालांकि पीलीभीत से अब तक बसपा और सपा ने एक बार भी संसदीय चुनाव नहीं जीता है।

वर्ष 1989 से लगातार एक बार बीच में राम लहर 1991 को छोड़ दें तो जिले की संसदीय सीट पर मेनका गांधी और वरुण गांधी का ही दबदबा रहा। इस बार भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अब सीट पर सपा-बसपा और भाजपा की रणनीति साफ हो चुकी है।

**जितिन पर दांव लगाने के पीछे भाजपा की सोची-समझी रणनीति :** लंबे समय से भाजपा के पास रही पीलीभीत सीट पर दबदबा कायम रखना संगठन और प्रत्याशी के लिए आसान नहीं होगा। वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद पर दांव लगाने के पीछे भाजपा की सोची-समझी रणनीति है। अब प्रचार के लिए अधिक समय भी नहीं हैं। हालांकि संगठन लगातार सक्रिय रहकर मैराथन प्रयास कर रहा है।

**बसपा ने जातीय समीकरण, वोट बैंक के आधार पर बनाई रणनीतिः** बसपा ने अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को अपना प्रत्याशी बनाने से पहले वोट बैंक के अलावा जातीय समीकरण और कैडर वोट बैंक को ध्यान में रखकर रणनीति बनाई है। फूलबाबू बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र से 1996, 2002 व 2007 में विधायक भी रहे चुके हैं। ऐसे में उनकी सर्व समाज में गहरी पैठ बताई जाती है। वे 2009 और 2014 में बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों बार वह तीसरे नंबर पर रहे थे।

**सपा के भगवत सरन के पास लंबा राजनीतिक अनुभव :** इंडिया गठबंधन के अंतर्गत सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार बरेली में तहसील नवाबगंज के हैं। उनका यहां आना-जाना रहा है। दो बार पूर्व मंत्री और पांच बार विधायक रहे चुके सपा के भगवत सरन के पास लंबा राजनीतिक अनुभव है। उनके बारे में टिकट तय करने से पहले पार्टी संगठन ने सजातीय वोट बैंक के अलावा एमवाई फैक्टर और घटक दलों के वोट बैंक पर भी ध्यान दिया गया है।'

2024

कुल मतदाता 18,20,379

पुरुष मतदाता 9,73,036

महिला मतदाता 8,47,275



05 विधानसभा
पीलीभीत सदर, पूरनपुर, बीसलपुर, बरखेड़ा, बरेली की बहेड़ी विधान सभा

| 2019 | 2014 | 2009 |
|---|---|---|
| वरुण गांधी | मेनका गांधी | वरुण गांधी |
| 7,04,549 | 5,46,932 | 4,19,539 |

**पीलीभीत की विशेषताएं** पर्यटन के लिहाज से अपार संभावनाएं हैं यहां गन्ना यहां की मुख्य फसल है और चार चीनी मिल हैं

## कब कौन जीता

| वर्ष | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | मुकुंद लाल अग्रवाल | कांग्रेस |
| 1957 | मोहन स्वरूप | प्रजा सोशलिस्ट |
| 1962 | मोहन स्वरूप | प्रजा सोशलिस्ट |
| 1967 | मोहन स्वरूप | प्रजा सोशलिस्ट |
| 1971 | मोहन स्वरूप | कांग्रेस |
| 1977 | शम्सुल हसन खान | जनता पार्टी |
| 1980 | हरीश कुमार गंगवार | कांग्रेस |
| 1984 | भानु प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | मेनका गांधी | जनता दल |
| 1991 | परशुराम गंगवार | भाजपा |
| 1996 | मेनका गांधी | जनता दल |
| 1998 | मेनका गांधी | निर्दलीय |
| 1999 | मेनका गांधी | निर्दलीय |
| 2004 | मेनका गांधी | भाजपा |
| 2009 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2014 | मेनका गांधी | भाजपा |
| 2019 | वरुण गांधी | भाजपा |

## योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं जितिन



2021 में भाजपा से जुड़ने वाले जितिन प्रसाद शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। पूर्व में भारत सरकार में कई विभाग में मंत्री रह चुके प्रसाद ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम और दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान से एमबीए किया है। वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव भी रहे हैं। प्रसाद ने 2004 में शाहजहांपुर से आम चुनाव लड़ा और जीते। 2009 में धौरहरा से सांसद बने। हालांकि 2014 व 2019 में हार का सामना किया। 2017 में तिलहर विधानसभा से हारे।

## सपा प्रत्याशी गंगवार पांच बार रहे विधायक



सपा के टिकट पर मैदान में उतरे भगवत सरन 1991 व 1993 में भाजपा के टिकट पर बरेली की नवाबगंज सीट से विधायक बने । 1996 के चुनाव में हार के बाद 2002 में सपा में शामिल हो गए। सपा के टिकट पर 2002, 2007, 2012 में लगातार तीन बार विधायक रहे। 2012 में सपा सरकार में भगवत सरन को स्वतंत्र प्रभार मंत्री भी बनाया गया गंगवार ने 2009 में बरेली सीट से आम चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2019 में भी बरेली सीट से हारे थे।

## फूलबाबू को विरासत में मिली राजनीति



अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को राजनीति विरासत में मिली। स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण करने वाले फूलबाबू ने राजनीतिक की शुरुआत यूथ कांग्रेस से की। 1989 में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। हालांकि 1990 में वे बसपा में शामिल हो गए। 1991 व 1993 में बसपा से चुनाव का टिकट मिया पर कामयाबी नहीं मिली। 1996 में पहली बार बसपा की टिकट पर विधायक बने। इसके बाद 2002 और 2007 में भी चुनाव जीते और विधायक बने।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० हिन्दुस्तान, लखनऊ.... दिनांक 27 MAR 2024

# पहला चरण भेदने को मैदान में उतरे महारथी

■ संतोष वाल्मीकि

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर महारथी मैदान में उतर पड़े हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की बात करें तो इन पश्चिमी यूपी व तराई की इन आठ सीटों पर भाजपा, बसपा और इंडिया गठबंधन में सपा ने अपने उम्मीदवार तय कर दिए हैं।
**सहारनपुरः** सहारनपुर सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव में पराजित हुए राघव लखनपाल पर पार्टी नेतृत्व ने फिर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। पिछले चुनाव में बसपा के हाजी फैजुर्रहमान की जीत हुई थी। इस बार इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली मैदान में हैं। दो प्रमुख दलों के मुस्लिम उम्मीदवार उतरने से मुस्लिम वोट बंटने के भी पूरे आसार हैं।

**कैराना**-इस बार फिर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप को ही उम्मीदवार बनाया है। उन्हें हसन परिवार की सपा उम्मीदवार इकरा हसन और बसपा के श्रीपाल सिंह का सामना करना होगा।

**बिजनौर**-: 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा के मलूक नागर भाजपा के भारतेन्द्र सिंह को हराकर सांसद बने थे। इस बार यहां तीनों प्रमुख दलों ने नए उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा से चंदन चौहान, सपा से दीपक सैनी और बसपा से विजेंद्र सिंह मैदान में हैं।

**नगीना सु.**-: 2019 के चुनाव में बसपा के गिरीश चन्द्र ने भाजपा के डा.यशवंत सिंह को हराया था। इस बार यहां भाजपा के ओम कुमार, सपा के मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल सिंह मैदान में उतरे हैं। आजाद पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर भी इस बार यहां से प्रमुख उम्मीदवारों में गिने जा रहे हैं।

**मुरादाबाद**- यहां एक बार फिर भाजपा के सर्वेश सिंह और सपा के मौजूदा सांसद डा.एस.टी.हसन आमने सामने हैं। भाजपा के सर्वेश सिंह 2014 में डा.एस.टी.हसन को हराकर सांसद बने थे बसपा के मुहम्मद इरफान सैफी मैदान में हैं।

**रामपुर**- इस बार सपा अभी तक अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है जबकि नामांकन दाखिले का बुधवार आखिरी दिन है। चर्चा है कि सपा इस सीट पर मुलायम सिंह यादव के पौत्र और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप को उम्मीदवार बना सकती है। भाजपा ने यहां से घनश्याम लोधी और बसपा ने जीशान खां को मैदान में उतार दिया है।

**पीलीभीतः** 2019 में यहां से वरुण गांधी ने सपा के हेमराज वर्मा को हराया था। मगर इस बार भाजपा ने वरुण गांधी का टिकट काट दिया है।

उनकी जगह पर यूपी के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। सपा ने भगवत शरण गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फुलबाबू को उम्मीदवार बनाया है।

## पहले चरण में शामिल यूपी की सीटें




**08** सीटों पर पहले चरण में मतदान

**19** अप्रैल को यहां होगा मतदान

## पहले चरण के लोकसभा प्रत्याशियों की दलवार सूची

| लोस सीट | भाजपा | सपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| कैराना | प्रदीप कुमार | इकरा हसन | श्रीपाल सिंह |
| सहारनपुर | राघवलखन पाल | इमरान मसूद( कांग्रेस) | माजिद अली |
| मुजफ्फरनगर | डा.संजीव बालियान | हरेंद्र मलिक | दारा सिंह प्रजापति |
| नगीना( सु.) | ओम कुमार | मनोज कुमार | सुरेंद्र पाल सिंह |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | (?) | जीशान खां |
| मुरादाबाद | सर्वेश सिंह | एसटी हसन | मु. इरफान सैफी |
| पीलीभीत | जितिन प्रसाद | भगवत शरण गंगवार | अनीस अहमद खां |
| बिजनौर | चंदन चौहान | दीपक सैनी | विजेंद्र सिंह |

## आठ सीटों का सियासी समीकरण

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आठ सीटों पर जाट, गन्ना, अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम और दलित वोटरों के सियासी समीकरण हावी रहेंगे। रालोद के भाजपा के साथ आने से कैराना, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, नगीना सु. व बिजनौर सीट पर जाट वोटरों अब सपा व बसपा उम्मीदवारों के लिए चुनौती बन सकता है।
सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रामपुर व मुरादाबाद सीटों पर मुस्लिम वोट को अपने पाले में करने के लिए सपा व बसपा के बीच कड़ा मुकाबला रहेगा। इस वोट बैंक के बंट जाने का लाभ भाजपा उठाने का पूरा प्रयास करेगी। नगीना सुरक्षित सीट पर दलित वोटरों का फैसला निर्णायक होगा। तराई पट्टी की पीलीभीत सीट पर सिखों की बाहुलता है और गन्ना यहां की प्रमुख फसल है। गन्ना किसान पीलीभीत के अलावा मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना सु., रामपुर सीट पर भी अहम वोटर साबित होंगे।

## मुजफ्फरनगर से मौजूदा सांसद ही मैदान में

बुढ़ाना, चरथावल, मुजफ्फरनगर, खतौली और सरधना विधानसभा सीटों में बंटी मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर पिछले चुनाव में मौजूदा सांसद संजीव बालियान ने रालोद के प्रमुख और कद्दावर नेता अजीत सिंह को पराजित किया था। इस बार बालियान को यहां सपा के हरेंद्र मलिक और बसपा के दारा सिंह प्रजापति से मुकाबला करना होगा।

### वर्तमान सांसद और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पास इतिहास रचने का अवसर

# मीरजापुर में अब तक कोई दल नहीं लगा पाया जीत का हैट्रिक

ब्यूटी सिंह

## लोकसभा चुनाव

- वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अनुप्रिया पटेल को 4,36,536 मत कुल 42 .32 फीसदी मत मिला था

**मीरजापुर, 26 मार्च।** मीरजापुर लोकसभा सीट का अब तक का इतिहास रहा है कि यहां से कोई दल जीत का हैट्रिक नहीं लगा पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लहर में लोकसभा के पांचों विधानसभा सीट छानवे, मीरजापुर, मंझवा, चुनार और मड़िहान पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है। ऐसे में वर्तमान सांसद और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पास इतिहास रचने का अवसर है।

मीरजापुर सीट से चुने पहले सांसद कांग्रेस के जॉन एन विल्सन से लेकर दस्यु सुंदरी फूलन देवी, अजीज इमाम, वीरेंद्र सिंह, उमाकांत मिश्र को भी इस सीट से दो-दो बार जीत मिली है।

देश के पहले आम चुनाव 1952 और दूसरे 1957 में कांग्रेस के टिकट पर जॉन एन विल्सन जीते थे। पिछड़ा, दलित, आदिवासी बाहुल्य वाली इस संसदीय सीट पर 1962 में कांग्रेस के पं.श्यामधर मिश्र ने जीत दर्ज कर पार्टी का दबदबा बरकरार रखा। 1967 में जनसंघ के वंश नारायण सिंह ने कांग्रेस से सीट छिन ली।

अगले आम चुनाव 1971 में कांग्रेस के अजीज इमाम ने फिर इस सीट को पार्टी के झोली में डाल दिया। फिर इमरजेंसी का दौर आया तो 1977 में जनता पार्टी के फकीर अली अंसारी ने फतह हासिल की। लेकिन जनता पार्टी सीट को अपने कब्जे में नहीं रख पाई। वर्ष 1980 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की वापसी हुई तो यहां अजीज इमाम फिर से सांसद चुने गए।

अगले साल उपचुनाव में कांग्रेस के ही उमाकांत मिश्र ने सीट जीती। 1984 में उमाकांत मिश्र दूसरी बार सांसद बने। विश्वनाथ प्रताप सिंह की लहर में 1989 में जनता दल के युसूफ बेग यहां से सांसद चुने गए।

फिर आया राममंदिर आंदोलन का दौर तो ये सीट 1991 में भाजपा के खाते में आ गई और वीरेंद्र सिंह सांसद बने। 1996 में सपा सरंक्षक मुलायम सिंह यादव ने दस्यु सुंदरी फूलन देवी को यहां से उतारा और वह सांसद बनीं।

दो साल बाद ही दोबारा चुनाव होने पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह ने यह सीट सपा से छीन ली। एक साल बाद 1999 में सपा की फूलन देवी ने फिर जीत हासिल की। फिर 2002 में रामरति बिंद सांसद बने। 2004 के चुनाव में बसपा के नरेंद्र कुशवाहा सांसद चुने गए। ■ शेष पेज 11 पर

## मीरजापुर में अब तक...

2007 में रमेश दुबे और 2009 में सपा के बाल कुमार पटेल सांसद बने। इसके बाद मोदी लहर में 2014 और 2019 में इस सीट पर अपना दल सोनेलाल की अनुप्रिया पटेल ने जीत का परचम लहराया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा बसपा के गठबंधन के बाद भी भाजपा गठबंधन की अनुप्रिया पटेल को 5 लाख 91 हजार 564 वोट मिला। सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रामचरित्र निषाद को 3 लाख 59 हजार 556 मत और कांग्रेस के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी को केवल 91 हजार 501 मत ही मिल पाया था। इस चुनाव में अनुप्रिया पटेल को 53.34 प्रतिशत मत मिला था।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अनुप्रिया पटेल को 4,36,536 मत कुल 42.32 फीसदी मत मिला था। दूसरे स्थान पर बसपा की समुद्रा बिंद को 2,17,457 लगभग 21.58 फीसदी मत मिला था। तीसरे स्थान पर कांग्रेस के ललितेशपति त्रिपाठी रहे। ललितेश को 1,52,666 कुल 15.15 फीसदी मत मिला था।

# लोक सभा चुनाव : प्रत्याशियों ने खरीदे नामकंन पत्र

**बिजनौर, 26 मार्च (तरूणमित्र)।** रिटर्निंग ऑफिसर लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र नगीना अंकित कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने न्यायालय कक्ष में तथा रिटर्निंग ऑफिसर बिजनौर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र पूर्ण बोरा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित न्यायालय अपर जिलाधिकारी प्रशासन कक्ष में नामांकन प्रक्रिया में मंगलवार को संभावित प्रत्याशियों द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र बिजनौर तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र नगीना में नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। लोकसभा क्षेत्र 05-नगीना में मंगलवार को 06 नामांकन पत्र प्रस्तुत जबकि 03 नामांकन पत्र क्रय किए गए। लोकसभा क्षेत्र 05-नगीना में नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में समाजवादी आंदोलन पार्टी से धर्मवीर सिंह पुत्र जसवंत सिंह पनिवाला हाल निवासी मौ0 रामनगर नूरपुर, बसपा से दो नामांकन पत्र सुरेन्द्र पाल सिंह पुत्र नेतराम सिंह उत्तरी सिविल लाईन मुजफ्फरनगर, पीलल्स पार्टी ऑफ डेमोक्रेटिक से रविन्द्र भारती पुत्र हीरालाल शांतिनगर बिजनौर, समाजवादी पार्टी से मनोज कुमार पुत्र छेदीकुमार (अभ्यर्थी) का नामांकन पत्र उनके प्रस्तावक जावेद अख़्तर द्वारा तथा आजाद समाज पार्टी से चन्द्रशेखर पुत्र गोर्वधनदास, छुटमलपुर, तहसील बेहट, जिला सहारनपुर शामिल थे, जबकि तीन नामांकन पत्र क्रय किए गए। लोकसभा क्षेत्र 04-बिजनौर में मंगलवार को 04 नामांकन पत्र प्रस्तुत जबकि 18 नामांकन पत्र क्रय किए।

# एनडीए के उम्मीदवार आज करेंगे नामांकन

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार, सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी बुधवार को नामांकन करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। जबकि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार के नामांकन पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ .............. दिनांक 27 MAR 2024

{ IN PHASE 1 }

# With new alliances and a mix of old and new guards, can BJP regain lost ground?

## SP-Congress alliance has announced their candidates on seven seats barring Rampur

S Raju
s.raju@htlive.com

**MEERUT :** The Bharatiya Janata Party (BJP) has repeated its candidates on five of the eight western U.P. constituencies that will go to the polls in the first phase of the 2024 Lok Sabha election on April 19.

Elections 2024

Two of these candidates—Raghav Lakhanpal (Saharanpur) and Kunwar Sarvesh Kumar Singh (Moradabad)—had lost the last general elections. The other three who have been repeated are sitting MPs Pradeep Choudhary from Kairana, Ghanshyam Lodhi from Rampur and Union minister Sanjeev Balyan from Muzaffarnagar. Moreover, the ruling party dropped Varun Gandhi in Pilibhit and fielded Jitin Prasada from there. Party's three-term MLA from Nehtaur Om Kumar has been fielded from Nageena seat. BJP ally Rashtriya Lok Dal (RLD) has named its Meerapur MLA Chandan Chauhan as its candidate from Bijnor Lok Sabha seat.

While the BJP and the BSP have declared their candidates on all eight seats, the SP-Congress alliance has announced their candidates on seven seats barring Rampur.

Political expert Puspendra Sharma opines that this time the BJP has been very cautious in selecting candidate's to achieve its goal of winning 400 LS seats. "They repeated five candidates perhaps to avoid possible resentment by ignoring these time and tested leaders," Sharma says.

In 2019, BJP's Raghav Lakhanpal lost in Saharanpur as BSP candidate Fajlur Rehman defeated him by a margin of 22,417 votes. The ruling party, however, registered a big win in Muzaffarnagar where Sanjeev Baliyan defeated Ajit Singh though by a slender margin of 6,526 votes.

Servesh Singh, a five-time MLA from Thakurdwara seat of Moradabad, became an MP from Moradabad in 2014. He, however, lost in 2019 election to SP's Dr ST Hasan.

Both rivals are once again in the fray to challenge each other. Ghanshyam Lodhi became BJP MP from Rampur in 2022 bypoll following resignation of SP leader Azam Khan who had won the 2019 election from the seat.

The BJP had lost in five seats, including Moradabad, Bijnor, Nagina, Rampur and Saharanpur, in 2019 out of the 8 seats that go to the polls in the first phase. Back then, the SP, BSP and RLD had an alliance. Now in changed political and social equations when RLD is in alliance with the BJP, the NDA may hope for better results in these constituencies.

The BJP has fielded actor Arun Govil from Meerut constituency which indicates that Ram temple could play a big political plank in the elections in this region.

Political experts, however, say that opposition parties, including the Congress, have made their strategy to highlight economic and issues related to people like inflation, employment, health infra and education. Under such a situation, it will be interesting to see how rival parties work to attract voters.

People of Saharanpur, Kairana, Muzaffarnagar, Bijnor, Nagina, Rampur, Moradaba[illegible] and Pilibhit constituencies [illegible] use their franchise to elect [illegible] representatives on Ap[illegible] Wednesday (March 2[illegible] last date for filing o[illegible] tions for these consti[illegible]



Harendra Malik and Sanjeev Balyan filing their nominations on Tuesday. HT

### 42 CANDIDATES FILE NOMINATIONS IN U.P.

**LUCKNOW :** Forty-two candidates from different political parties, including Union minister Sanjeev Kumar Balyan, on Tuesday filed their nomination papers in Uttar Pradesh for the first phase of the Lok Sabha elections, Chief Electoral Officer Navdeep Rinwa said.

Rinwa said so far 46 candidates from different political parties have filed their nomination papers.

Eight parliamentary constituencies -- Saharanpur, Kairana, Muzaffarnagar, Bijnor, Nagina-SC, Moradabad, Rampur and Pilibhit -- will vote in the first phase on April 19.

PTI

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

27 MAR 2024

समाचार पत्र का नाम तरूणमित्र ..................... दिनांक .....................

# अचारसंहिता उल्लंघन पर करें शिकायत, कन्ट्रोल रूम से रहेगी पैनी नजर

**उन्नाव, 26 मार्च (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने जन सामान्य को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद में आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायतों को दर्ज कराने के लिए निर्वाचन आयोग के टॉल फ्री नंबर 1950 व डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम नंबर 0515-2820638, 2970897, 2970898 के अलावा सी-विजिल ऐप भी संचालित है, जिसमें शिकायत करने पर संबंधित अधिकारी को सौ मिनट के अंदर शिकायत का निस्तारण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराना होगा।

सी-विजिल ऐप के माध्यम से आम नागरिक निर्वाचन आयोग से किसी भी दल अथवा प्रत्याशी की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है।यह ऐप सभी एंड्रायड स्मार्टफोन पर काम करता है।उन्होंने जानकारी दी, कि सी-विजिल ऐप भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार एक आसान ऐप है। इसके इस्तेमाल के लिए फोन में एक कैमरा, इंटरनेट कनेक्शन व जीपीएस होना चाहिए। शिकायतकर्ता को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की घटना का वीडियो बनाने के साथ ही संक्षिप्त विवरण के बाद इसे ऐप में अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को उसके मोबाइल पर एक यूनिक आईडी मिलेगी। इसके उपयोग से वह प्रक्रिया का अपडेट ले सकेगा। ऐप पर शिकायत आते ही वह संबंधित फील्ड यूनिट को भेज दी जाएगी। कुछ ही मिनटों में उड़न दस्ता उस स्थान तक जाएगा और कार्यवाही को अंजाम देगा। फील्ड यूनिट इस कार्यवाही से संबंधित जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर को देगी। इस ऐप में शिकायतकर्ता की शिकायत को गुप्त रखने का प्रावधान भी किया गया है।इस ऐप का प्रयोग 2019 के चुनाव में भी किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप का इस्तेमाल कोई भी कर सकता है। आचार संहिता लगते ही इस एप को प्रभावी कर दिया गया है। इसको गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान शराब बांटना, रुपये बांटना, साड़ी या वस्त्र बांटना, किसी के घर की दीवार पर बिना अनुमति के पोस्टर चिपकाना, अपने हक में मतदान के लिए किसी भी तरह का प्रलोभन या धमकी देना, प्रचार के दौरान आपत्तिजनक भाषण देना अपराध कहलाएगा।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ऐप खोलेगा और एक फोटो या वीडियो रिकॉर्ड करेगा। यह फोटो जीपीएस के ऑटोमैटिक लोकेशन मैपिंग के साथ ऐप पर अपलोड करेगा। इसके बाद मोबाइल पर एक यूनिक आईडी आएगी। इसकी मदद से वह आगे की प्रक्रिया को अपडेट कर सकेगा।शिकायतकर्ता एप से जब शिकायत करेगा, तो सूचना नियंत्रण कक्ष में बीप करेगा, जहां से संबंधित फील्ड यूनिट को भेजा जाएगा। सभी फील्ड यूनिट के पास एक जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लीकेशन होगा, जिसे सी-विजिल डिस्पेचर कहते हैं। इससे फील्ड यूनिट को लोकेशन सहित शिकायत प्राप्त हो जाएगी।फील्ड यूनिट की ओर से की गई कार्यवाही के निस्तारण के लिए रिटर्निंग ऑफिसर को सी-विजिल डिस्पेचर के माध्यम से की गई कार्यवाही की रिपोर्ट दी जाएगी। घटना सही होने पर अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचना भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय शिकायत पोर्टल पर भेजी जाएगी।

# उम्मीदवार की कुंडली देखिए और अपनी पर्ची निकालिए

भास्कर ब्यूरो

**• वोटर हेल्प लाइन एप से पहचान पत्र की गलती भी सुधार सकेंगे**

कानपुर। नामांकन के बाद आप मोबाइल पर प्रत्याशियों का पूरा ब्योरा देख सकेंगे। वोटर हेल्प लाइन एप पर आपको इस सुविधा के साथ मतदाता सूची में नाम देखने, मतदाता पर्ची निकालने, मतदाता बनने के लिए आवेदन करने, मतदाता पहचान पत्र में किसी भी तरह की गलती ठीक कराने की सुविधा भी मिलेगी।

इस एप को डाउनलोड करने के लिए मोबाइल में प्ले स्टोर पर जाकर वोटर हेल्प लाइन एप सर्च करें और एप को इंस्टाल करें। एप इंस्टाल करने के बाद उसे ओपन करें। इसके बाद स्किप लागिन पर क्लिक करें। इसके बाद मतदाता सूची में नाम देखने के लिए सर्च योर नेम इन इलेक्ट्रोल रोल पर क्लिक करें। इसके बाद इपिक नंबर वाले चौथे विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद बाक्स में अपना इपिक नंबर (वोटर आइडी नंबर) डालकर सर्च करें। इसके बाद आपकी आन स्क्रीन मतदाता पर्ची आएगी। इसे डाउन लोड कर लीजिए या इसका स्क्रीन शाट लेकर रख लीजिए। इसी एप पर अपने प्रत्याशियों का पूरा ब्योरा देख सकेगा।

एप के माध्यम से प्रत्याशियों की शिक्षा, चल-अचल संपत्ति, अगर किसी के खिलाफ कोई आपराधिक मुकदमे चल रहे है तो उसका ब्योरा भी देख सकते हैं। परिणाम आने पर इसी एप पर प्रत्याशी को मिले वोट की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

27 MAR 2024

समाचार पत्र का नाम तरुणमित्र दिनांक

# एप पर करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**अंबेडकरनगर, 26 मार्च (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायत हेतु सी विजिल एप (आदर्श आचार संहिता का प्रहरी) उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आमजन से अपील की गई है कि अब से लेकर चुनाव तक के दौरान प्रलोभन भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों को इस एप के माध्यम से किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत सी विजिल एप पर अवश्य दर्ज कराए। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराया जा सके।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम तरुणमित्र ............ दिनांक 27 MAR 2024

## जिनिअ ने ई-डिस्ट्रिक लैब का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी, 26 मार्च (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ई-डिस्ट्रिक लैब में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर शिकायती रजिस्टर का अवलोकन करते हुए संबंधित प्रभारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सी-विजिल ऐप पर शिकायत आदि जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गोंड,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह ,उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट एवं आकाश कुमार सिंह तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम तरूणमित्र दिनांक 27 MAR 2024

# स्क्रीनिंग कमेटी करेगी शस्त्र लाइसेंसीज की समीक्षा

**गोण्डा, 26 मार्च (तरूणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जनपद के लाइसेंसी आग्नेयास्त्र को जमा करने के लिए शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा हेतु स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया। स्क्रीनिंग कमेटी में जिलाधिकारी अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त एसडीएम सदस्य के रूप में कार्य रहेंगे। उन्होंने आदेश दिए कि थाना प्रभारी पुलिस अधीक्षक के माध्यम से रिपोर्ट गठित स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी आयुक्त अधिनियम 1959 तथा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत आग्नेयास्त्र जमा करने का निर्णय लेगी।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर लाइसेंसिंग अथारिटी द्वारा अधिसूचना जारी होने के पश्चात उम्मीदवारी वापस लेने के दिनांक से पहले

## लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को जमा किए जाएंगे लाइसेंसी आग्नेयास्त्र

लाइसेंसी को आग्नेयास्त्र जमा करने हेतु व्यक्तिगत नोटिस दी जाएगी और यह सूचित किया जाएगा की आग्नेयास्त्र जमा करने में सफल होने पर उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत अभियोजन संस्थित किया जाएगा। लाइसेंसी तत्काल और प्रत्येक दशा में नोटिस प्राप्ति के पास दिवस के भीतर आग्नेयास्त्र जमा करेगा। लाइसेंसी को उसकी रसीद प्रदान करेंगे।

किसी भी शस्त्र अनुज्ञपी को स्वेच्छा से अपने शस्त्र संबंधित थाने में अथवा वैध शस्त्र दुकान पर जमा किए जाने की स्वतंत्रता रहेगी। स्कैनिंग कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। जमा किए गए समस्त आग्नेयास्त्र लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के पश्चात तत्काल लाइसेंसियों को वापस कर दिया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव: शरारती तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए बनाई योजना

झांसी, 26 मार्च (तरूणमित्र)। लोकसभा चुनाव में शरारती तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने योजना बना ली है। बीते चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। चुनाव संबंधी पुराने विवादों के वीडियो निकाल कर खुराफाती चिन्हित किए जा रहे हैं। अब तक आठ हजार से ज्यादा लोगों को मुचलका पाबंद किया जा चुका है। पुलिस की कार्रवाई जारी है। लोकसभा के लिए आचार संहिता लग गई है। जिसे देखते हुए खुराफातियों को चिह्नित करने का काम तेज कर दिया गया है। अब तक जिले में आठ हजार से ज्यादा लोगों को मुचलका पाबंद किया जा चुका है। इनकी बीट सिपाही निगरानी भी कर रहे है। चुनाव के दौरान तमाम लोग माहौल खराब करने का भी प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों से निपटने के लिए पुलिस ने अभी से पूरी तैयारी कर ली है। एसएसपी ने ऐसे लोगों की चिह्नित कराया जिन पर बीते 10 साल में किसी न किसी प्रकरण में कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस ने इस विशेष अभियान के तहत करीब कई लोगों का विवरण जुटाया, जिसमें आठ हजार लोगों को पाबंद कर दिया। हालांकि इनमें अधिकांश लोग ऐसे हैं, जो सामान्य तरह से जीवन यापन कर रहे हैं। हालांकि एसएसपी ने बीट सिपाहियों के माध्यम उन लोगों की भी हर गतिविधि पर नजर रखना शुरू कर दिया है। संभ्रांत नागरिकों से भी लगातार अपील की जा रही है कि अराजक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचना देते रहें। साथ ही लोगों को सुरक्षित वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का भरोसा भी दिया जा रहा है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम तरुणमित्र ............ दिनांक 27 MAR 2024

# चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी कठोर कार्यवाई

**कौशाम्बी, 26 मार्च (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने अवगत कराया हैं कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में यदि कोई राजनीतिक दल/प्रत्याशी वोटरों को रिझाने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो वह आसानी से पकड़ में आ जाएगा।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मामलों में सी0-विजिल एप के माध्यम से त्वरित एवं तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जनपद कौशांबी के किसी शहरी अथवा ग्रामीण व्यक्ति को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग अथवा वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हैं तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए सी0-विजिल एप (सिटीजन ऐप) को अपने एंड्रायड मोबाइल में प्ले स्टोर में जाकर अपलोड कर शिकायत कर सकता है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर व्यक्ति सी0-विजिल एप ओपेन कर एक फोटो या वीडियो रिकॉर्ड करेगा। यह फोटो जीपीएस के ऑटोमैटिक लोकेशन मैपिंग के साथ एप पर अपलोड करेगा। इसके बाद मोबाइल पर एक यूनिक आईडी आएगी। इसकी मदद से वह आगे की प्रक्रिया को अपडेट कर सकेगा।

ऑनलाइन होते ही तत्काल एप सक्रिय होगा और जीपीएस प्रणाली से वह लोकेशन ट्रेस की जाएगी जहां पर शिकायतकर्ता द्वारा उल्लंघन की बात बताई गयी है। नजदीकी फ्लाइंग स्क्वायड दल मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। सी0-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अन्दर निस्तारित की जायेंगी। व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखी जाएगी

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....तरुणमित्र.... दिनांक ....27 MAR 2024

# जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को विभिन्न माध्यमों से जगायी जा रही अलख

- मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक
- ग्रामीण क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान वाले बूथों के बीएलओ व ग्राम प्रधान तथा नगरीय क्षेत्र में बीएलओ व वार्ड मेम्बर को किया जायेगा सम्मानित

**बरेली, 26 मार्च (तरूणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के दृष्टिकोण से स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां करायी जा रही हैं, जिसके अन्तर्गत जनपद में स्थित विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में छात्र/छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाना, स्कूलों तथा कॉलेजों में प्रभात फेरी निकालना, स्लोगन राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिताओं आदि का भी आयोजन



कराया जा रहा है।

जिसके माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि आमजन में जागरूकता आए और वह मतदान के महत्व को समझें तथा मतदान हेतु आगे आए। जनपद में मतदाता जागरूकता हेतु एक गीत भी बनवाया गया है। उक्त गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उक्त गीत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से कूड़ा एकत्रित करनी वाली गाड़ियों में नियमित रुप से बजवाया जा रहा है, जिससे लोकतंत्र के पर्व निर्वाचन को लेकर लोगों में जागरूकता आए और लोग अपने मत के महत्व को समझे और मतदान हेतु जागरूक हों सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनूठी पहल की गयी है, जिसके अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जहां पर शतप्रतिशत वोटिंग होगी वहां के ग्रामीण क्षेत्र में बीएलओ व ग्राम प्रधान तथा नगरीय क्षेत्र में बीएलओ व वार्ड मेम्बर को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा मतगणना के उपरांत जिले स्तर पर आयोजित सहभोज में भी उक्त सम्मानित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जायेगा। इस प्रकार उनके द्वारा शतप्रतिशत मतदान करवाने के प्रयासों को सार्वजनिक रूप से सराहना की जाएगी।

## जिनिअ व डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

सुलतानपुर, 26 मार्च (तरुणमित्र)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी( प्रशासन ) गौरव शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लो0स0सा0निर्वा0-2024 के अन्तर्गत चुनाव प्रचार/रैली/ जुलूस/सभा आदि आयोजित करने की अनुमति के सम्बन्ध में स्टैंडिंग कमेटी की द्वितीय बैठक(प्रत्येक मंगलवार) आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी(प्रशा0 )/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को डेमो दिखाकर सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी तथा पपत्र भी उपलब्ध कराए गए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को वाहन (चार पहिया/तीन पहिया/दो पहिया), रैली/जुलूस आयोजित करने, सभा आयोजित करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय बनाने, नुक्कड़ सभा हेतु अनुमति तथा हेलीकाप्टर के उतारने के लिये अनुमति के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शों से पुनः अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में किसी भी कारणवश छुटा हो, तो 26 अप्रैल, 2024 से पहले (फार्म-6) अप्लाई कर जुड़वा लें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालने हेतु सभी को प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये।

# पहचान के लिए मतदाता 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का करें प्रयोग

भास्कर ब्यूरो

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालयं की योजना के अर्न्तगत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बी0एल0ओ0 के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै. दैनिक भास्कर लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# सभी अधिकारी व पार्टी पदाधिकारी आपस में तालमेल रखकर जानकारी साझा करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

भास्कर ब्यूरो



सुल्तानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लो0स0सा0निर्वा0-2024 के अन्तर्गत चुनाव प्रचार रैली जुलूस सभा आदि आयोजित करने की अनुमति के सम्बन्ध में स्टैंडिंग कमेटी की द्वितीय बैठक (प्रत्येक मंगलवार) आयोजित की गयी।

उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को डेमो दिखाकर सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी तथा पपत्र भी उपलब्ध कराए गए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को वाहन (चार पहिया तीन पहिया दो पहिया), रैली जुलूस आयोजित करने, सभा आयोजित करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय बनाने, नुक्कड़ सभा हेतु अनुमति तथा हेलीकाप्टर के उतारने के लिये अनुमति के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में किसी भी कारणवश छुटा हो, तो 26 अप्रैल, 2024 से पहले (फार्म-6) अप्लाई कर जुड़वा लें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालने हेतु सभी को प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेंगी, अब सब को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते रहेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। अधिक से अधिक मतदान ही लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाता है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में कम मतदान वाले बूथों पर अधिक मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी लगातार दौरा कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जलालपुर नगर क्षेत्र के नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, बूथ संख्या 206 का दौरा किया। इस बूथ पर पिछले चुनाव केवल 42.6 प्रतिशत मतदान हुआ था जो आबादी के हिसाब से बहुत ही कम था। जिलाधिकारी ने बूथ संख्या 206 के मतदाताओं से बैठक कर मतदाताओ से कम वोटिंग का कारण जानने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपाय जानने का प्रयास किया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा चुनाव की पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जिन बूथों पर कम मतदान हुआ था।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

## आदर्श आचार संहित के उल्लंघन पर तत्काल होगी कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने अवगत कराया हैं कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में यदि कोई राजनैतिक दलध्प्रत्याशी वोटरों को रिझाने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो वह आसानी से पकड़ में आ जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मामलों में सी0-विजिल एप के माध्यम से त्वरित एवं तत्काल कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि जनपद कौशाम्बी के किसी शहरी अथवा ग्रामीण व्यक्ति को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग अथवा वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हैं तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए सी0-विजिल एप ( सिटीजन ऐप) को अपने एंड्रायड मोबाइल में प्ले स्टोर में जाकर अपलोड कर शिकायत कर सकता है।

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर लखनऊ ........................ दिनांक 27 MAR 2024

## चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर कसेगा शिकंजा

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए जिले में कुल 71 ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर नाकेबंदी की व्यवस्था करने की तैयारी है। इन प्वाइंटों पर पुलिस की विशेष टीम तैनात की जाएगी, जो आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखेगी। लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से अंतरराज्यीय व अंतरजनपदीय सीमा पर खास चौकसी बरती जाती है। बता दें कि प्रयगराज जनपद चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, भदोही और मिर्जापुर की सीमा से सटा हुआ है। इसके साथ ही जिले का दक्षिणी हिस्सा मध्य प्रदेश से सटा हुआ है। चुनाव के दौरान सीमा पार से अवांछित तत्वों के प्रवेश व गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए ही नाकेबंदी कराने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत कुल 71 ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं जहां चेक पोस्ट बनाए जाएंगे। जो चेक पोस्ट बनाए जाने हैं, उनमें से 13 यूपी-एमपी सीमा पर कोरांव, शंकरगढ़ व खीरी थाना क्षेत्रों में बनाए जाएंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर बरेली........ दिनांक ....27 MAR 2024....

# इंडिया गठबंधन से भगवत सरन, बसपा के फूल बाबू और हेमराज ने निर्दलीय दाखिल किया पर्चा

भास्कर ब्यूरो



**पीलीभीत।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चुनावी अखाड़े में उतरने के लिए मंगलवार को तीन उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया और आठ अन्य ने नामांकन पत्र खरीदे हैं।

मंगलवार को नामांकन फार्म प्राप्त करने वाले लोक सभा निवार्चन क्षेत्र 26 पीलीभीत से 08 उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधियों ने नामांकन फार्म प्राप्त किये गये। इंडिया गठबंधन से भगवत सरन गंगवार समाजवादी पार्टी, निर्दलयी हेमराज वर्मा, निखिल भारतीय कांग्रेस तिवारी पार्टी से इकरार हुसैन, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी प्रमोद कुमार, निर्दलीय हरदयाल, जन अधिकारी पार्टी से नीलाम्बर, भारतीय जनता पार्टी से जितिन प्रसाद एवं भारतीय कृषक दल से राजीव कुमार सक्सेना ने नामांकन फार्म खरीदे हैं। साथ ही 03 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म दाखिल किए हैं। समाजवादी पार्टी से भगवत सरन गंगवार ने नामांकन फार्म दाखिल किया। उन्होंने नामांकन पत्र के शपथ पत्र में नकदी स्वयं की रू. 2,50,000/-, एक्सिस बैंक में रू.135008/- यूसीओ बैंक में रू. 419704/-, अर्बन बैंक में रू. 134859 व 270118/-, स्टेट बैंक में रू. 379080 व पीएनबी बैंक में रू. 12421/-, कम्पनियों में रू. 2002583/-, मोटर यान रू. 50000/-, जेवरात सोने के 1 चेन, 2 अंगूठी, एक 32 बोर पिस्टल, 30 स्प्रिंग फील्ड रायफल कीमत लगभग रू. 200000 कुल सकल आये 4003773/- कृषि भूमि 7.22 एकड़, आवासीय भवन एक फ्लैट 1500 वर्गफुट आवास विकास लखनऊ व पत्नी के पास नकदी रू. 130000/-, बैंक में रू. 419704/-, 20 तोला सोना, 02 मकान लगभग 2909.7 वर्गफुट है।

बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खॉं ने नामांकन दाखिल किया। उन्होंने नकदी रू. 77000/-, बैंक ऑफ बडौदा में रू. 1,69,05,050/- स्टेट बैंक में रू. 9,22,222/-, एचडीएफसी बैंक रू. 99,000/-, एफडी एचडीएफसी रू. 1,55,497/-, रू. 1,59,062/-, रू. 30,391, रू. 27,916/-कम्पनियों में निवेश रू. 44,05,483/-, एक फॉच्र्यूनर, टायोटा फॉच्र्यूनर व एक स्वराज टैक्टर, कृषि भूमि 0.259, 2.19, 0.95, 1.01, 1.58, 4.01 3.190, आवासीय भवन 1485 वर्गफुट, एक आवास भवन लखनऊ 1150 वर्गफुट, एक राइफर व एक पिस्टल एवं पत्नी के पास नकदी रू. 1,28,000/-, बैंक में 62,866/-, कम्पनियों में निवेश रू. 80,43,485/-, जेवरात रू. 2736210/-, एक राइफल व रिवाल्वर, कृषि भूमि 0.496, 0.80, आवासीय भवन 2413 वर्गफुट व 1000 वर्गफुट है।

निर्दलीय प्रत्याशी आदेश पाण्डेय ने नगदी रू. 100000, बैंक में 2,14,842/-, पॉलिसी, एक मोटरयान, जेवरात 2.5ग्रा., कृषि भूमि 3 एकड़, पत्नी के पास नकदी रू. 25000/-, पॉलिसी, जेवरात 06 तोला सोना होने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० दैनिक भास्कर लखनऊ...... दिनांक 27 MAR 2024

# चुनाव के मद्देनजर एसपी ने अंतराष्ट्रीय बॉर्डर का लिया जायजा

भास्कर ब्यूरो

**ठूठीबारी, महराजगंज।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने को लेकर महराजगंज एसपी ने भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर का निरीक्षण किया है। इसी के पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने ठूठीबारी कोतवाली परिसर का निरीक्षण करते हुए रजिस्टर से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के मतदान केंद्र को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर थानेदार से फीडबैक लिया। जिसके बाद उन्होंने ने एसएसबी जवानों से बार्डर के गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

मिलीं जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीणा ने मंगलवार को अचानक निरीक्षण के लिए ठूठीबारी कोतवाली पहुंचे। एसपी के आने की सूचना पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। उन्होंने सर्वप्रथम थाने पर जनसुनवाई डेस्क, आगंतुक कक्ष व महिला हेल्प डेस्क का किया निरीक्षण किया। रजिस्टर से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। कोतवाली में स्थापित में नवनिर्मित बाल कक्ष का एसपी ने



निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने बार्डर पर अवैध तस्करी क्षेत्र में रात्रि गश्त व लंबित विवेचनाओ तथा थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण करने के लिए थानेदार को आदेश दिए है। महराजगंज जनपद नेपाल बार्डर से सटा हुआ है, और 84 किलोमीटर की खुली सीमा है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने को लेकर एसपी ने भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर का निरीक्षण किया। बार्डर पर तैनात 22वी बटालियन के एसएसबी जवानों से सुरक्षा व्यवस्था, अवैध घुसपैठ, संदिग्ध व्यक्तियों के अलावा तस्करी की रोकथाम तथा बार्डर पर विशेष चौकसी बरतने को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। इस दौरान एसओ नीरज राय, एसआई राजनारायण सिंह, लालमणि दुबे, मनोहर यादव, कस्टम इंस्पेक्टर एसएसपी त्रिपाठी व एसएसबी के जवान मौजूद रहे है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम तरूणमित्र दिनांक 27 MAR 2024

## पोलिंग बूथ का एएसपी किया निरीक्षण

**संत कबीर नगर, 26 मार्च (तरूणमित्र)।** अपर पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर शशि शेखर सिंह द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालय हावपुर भड़ारी, कंपोजिट विद्यालय बकहा थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया गया । मतदान के दृष्टिगत बूथों पर की गई व्यवस्थाओं विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि का जायजा लिया गया तथा मतदान केंद्र पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुधार हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष थाना बखिरा श्याम मोहन, सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 जनसत्ता, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

## चुनाव के मद्देनजर 356 जिलाबदर और 861 को गुंडा एक्ट में निरूद्ध

सहारनपुर, 26 मार्च (जनसत्ता)।

पुलिस-प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एहतियाती कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक 861 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई हुई है। 356 असामाजिक तत्वों को जिलाबदर किया गया है। 147 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया है जो जिलाबदर घोषित होने के बावजूद जनपद में रह रहे थे। एसएसपी डा विपिन टाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 50558 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। गुंडा एक्ट में सबसे ज्यादा 59 असामाजिक तत्वों के खिलाफ देवबंद कोतवाली ने कार्रवाई की है। जिले में कोतवाली और थानों की कुल संख्या 21 है। सभी थानों में विशेष पुलिस दल गठित किए गए हैं, जो असामाजिक तत्वों पर लगातार निगाह रखे हुए हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज़, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

## चुनावी तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील सभागार में शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की एक बैठक उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में हुई। उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, मतदान केंद्रों पर साफ सफाई व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केंद्रों पर जाने वाले मार्गों की रोड मैपिंग आदि के बारे में निर्देशित किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्पष्ट आवाज़, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# डीएम ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ई-डिस्ट्रिक लैब में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर शिकायती रजिस्टर का अवलोकन करते हुए संबंधित प्रभारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सी-विजिल ऐप पर शिकायत आदि जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गोंड,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह ,उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट एवं आकाश कुमार सिंह तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

27 MAR 2024

समाचार पत्र का नाम ........ दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ ........ दिनांक ........

# मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा

**जौनपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा यथाः- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकोध्डाकघरो द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध्राज्य सरकारध्लोक उपक्रमध्पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकोंध्विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी(यूडीआईडी)कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार में से कोई एक लाना होगा। एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अन्दाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है,

जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है,ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम,जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिये। फोटोग्राफइत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणां के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट(तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा।

मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने कें लिये मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ — 27 MAR 2024

समाचार पत्र का नाम .................... दिनांक ....................

## एसडीएम ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से शनिवार को उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने प्राथमिक विद्यालय सेतुही के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों की शिक्षा की दक्षता की भी परख की और बच्चों से प्रश्न पूछे। उप जिलाधिकारी ने जिम्मेदारों से प्राथमिक विद्यालय सेतुही मतदान केंद्र में बन रहे शौचालय का निर्माण अति शीघ्र करने व साफ सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र जाने वाले मार्ग को भी ठीक करा दिया गया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 जन संदेश टाइम्स, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया गया वालीबाल

जालौन। जनसंदेश टाइम्स ब्यूरो। प्रतापपुरा गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सोलह टीमों ने प्रतिभाग किया।

ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा में लोकसभा चुनावों में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विजय क्लब के तत्वावधान में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छिरिया सलेमपुर, प्रतापपुर, लहर कनार, न्यामतपुर, मड़ोरा, कानपुर नगर, भांडेर, बरौर, कानपुर देहात, रायल क्लब उरई, इकदिल इटावा स्टेडियम, ऊमरी मुस्तकिल की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान आशीष तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में कुठौंद व भांडेर के बीच पहले मुकाबले में भांडेर ने जीत हासिल की। ऊमरी मुस्तिकल व इटावा के बीच दूसरे मैच में इटावा की टीम विजयी रही। तीसरे मैच में छिरिया सलेमपुर ने मड़ोरा को हराकर जीत दर्ज की।

चौथा मैच लहर कनार व रायल उरई के बीच हुआ जिसमें रायल उरई विजेता रहा। पांचवा और अंतिम मैच बरौर और रायल क्लब के बीच हुआ जिसमें बरौर विजयी हुआ। माध्यमिक शिक्षा अभियान की जिला समन्वयक व्यंजना सिंह ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और ग्रामीणों को मतदाता शपथ भी दिलाई। निर्णायक मंडल में गगन गुर्जर, राजेश चंदेल, बलराम सेंगर, इस्माईल, शशिभूषण सिंह, कमलेश, अमित शामिल रहे। कार्यक्रम में जिला वालीबाल संग के अध्यक्ष कृपाशंकर द्विवेदी, सर्वप्रिय दुबे, अरुण तिवारी, महेंद्र सिंह गुर्जर, रामशंकर कुशवाहा, संतोष भदौरिया, वीरेन सिंह, अमन निरंजन, कमल सिंह, पारस मिश्रा, मुदित ने सहयोग किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 जन संदेश टाइम्स, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये जागरूकता अभियान शुरू

**- पिछले चुनाव में कम मतदान वाले बूथ किये जा रहे चिन्हित**

जनसंदेश टाइम्स ब्यूरो

औरैया। लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर से जिले में भर में जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की गई है। उन क्षेत्रों पर खास फोकस करने की रणनीति बनाई गई है जहां पूर्व में हुये चुनाव में कम मतदान प्रतिशत रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में हुये लोकसभा चुनाव में औरैया जिले के कुछ मतदान केन्द्रों पर कम मतदान हुआ था। इस बार इन केन्द्रों पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप विशेष जोर दे रही है। इसी के तहत युवा कल्याण विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए युवाओं की रैलियों का आयोजन, नुक्कड़ नाटक व शपथ आदि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत युवाओं के साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया जाता है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नफीस अहमद व बेसिक शिक्षा विभाग से एसआरजी सुभाष रंजन दुबे के नेतृत्व में कम मतदान वाले क्षेत्र बनारसीदास व नरायनपुर मे जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के बीच पोस्टर व कला प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नफीस अहमद ने बताया कि वह मतदान के दिन अपनी टोली के साथ अपने माता-पिता को मतदान करने के लिये अनुरोध करें ही साथ ही आसपास के लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करें। इस मौके पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यपक बृजेश मिश्रा, साधना, पीआरडी जवान आलोक कुमार त्रिवेदी, राम सरोज, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# सी विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करें:जिला निर्वाचन अधिकारी

अंबेडकर नगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायत हेतु सी विजिल एप (आदर्श आचार संहिता का प्रहरी) उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आमजन से अपील की गई है कि अब से लेकर चुनाव तक के दौरान प्रलोभन भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों को इस एप के माध्यम से किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। आप सभी जनपद वासियों से अपील है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत सी विज़िल एप पर अवश्य दर्ज कराए। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराया जा सके।

## आदर्श आचार संहिता के. उल्लघन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी.

अंबेडकर नगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के दिए गए के निर्देश के क्रम में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत राजनैतिक दल बसपा के सम्भावित लोकसभा प्रत्याशी कलाम शाह अपने समर्थकों के साथ लगभग 20 कार व 50 मोटर साइकिल जिस पर लगभग 200 अज्ञात व्यक्ति सवार थे जुलूस की शक्ल में नारेवाजी करते हुए अकबरपुर की ओर जा रहे थे। के खिलाफ थाना बसखारी में भा.द.स.- 1860 अधिनियम की धारा 171- ल्ह तथा 188 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गईतथा सुनील सावन्त निवासी मो० फन्टूपट्टी थाना को० टाण्डा अम्बेडकरनगर अपने 150 समर्थको के साथ वाहनों पर बसपा का झण्डा लगाकर बसपा पार्टी जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए बसखारी अकबरपुर मार्ग को वाधित करते हुए वाहनों को सड़क पर रोककर नारा लगा रहे थे जिसके कारण आम जन मानस के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। के खिलाफ थाना अकबरपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस प्रकार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय ।

# सी विजिल एप करेगा चुनाव की निगरानी

अलीगढ़। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण, पारदर्शी मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनसामान्य को सी विजिल एप की सुविधा प्रदान की गई है। इस एप के जरिए जनसामान्य आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की ऑनलाइन रिपोर्ट कर सकेंगे। यह एप निर्वाचन घोषणा की तारीख से वोटिंग के एक दिन बाद तक सक्रिय रहेगा। आपको बता दें कि जिले में वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग का मानना है कि इस एप से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में काफी कमी आएगी और कार्रवाई में भी पारदर्शिता स्थापित होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने बताया है कि सी विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में सहायक होगा। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों को भी भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आसानी से लाया जा सकता है। सी विजिल एप के लिए कैमरा, इंटरनेट कनेक्शन और जीपीएस वाला एंड्रॉयड स्मार्टफोन का होना आवश्यक होता है। कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की फोटो या अधिक से अधिक 2 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कर ऐप पर भेज सकता है। एमसीसी उल्लंघन के संबंध में भेजी गई फोटो या वीडियो भेजने वाले की पहचान को गुप्त रखा जाता है। उन्होंने बताया कि जीपीएस की मदद से शिकायत वाले स्थान की पहचान कर अधिकतम 100 मिनट की अवधि में शिकायत की सत्यता की जाँच कर निस्तारण किया जाता है। इसके लिए शिकायतकर्ता को एक यूनिक आईडी भी प्राप्त होती है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता द्वारा की जाने वाली शिकायत के प्रति की गई कार्रवाई को भी जान सकता है। पहले से ली गई फोटो वीडियो को इस ऐप पर अपलोड नहीं किया जा सकता है।

निर्वाचन के दौरान से मतदान दिवस तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े कई मामले मामलों, जिन तक टीम का स्वतः पहुंचना संभव नहीं हो पता है। सी विजिल एप लोगों के लिए ऐसा माध्यम है जिससे एक सामान्य व्यक्ति भी अपने आसपास घटित होने वाले आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों के प्रमाण सीधे भारत निर्वाचन आयोग को भेज सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग तत्काल ऐसे मामलों को जिला पुलिस एवं प्रशासन के संज्ञान में लाता है। इस प्रकार के मामलों का संज्ञान आते ही जिला पुलिस प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर स्थिति की सत्यता की जांच करता है और पूरी जानकारी भी शिकायतकर्ता को उपलब्ध होती है।

डीएम विशाख जी0 ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए प्रयासरत है। निर्वाचन के दौरान यदि कोई भी मतदाताओं को प्रभावित करता है या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो भी आप सी विजिल एप के माध्यम से गोपनीय तरीके से सूचना भारत निर्वाचन आयोग को दे सकते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम ........................ दिनांक 27 MAR 2024

# सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये- जिला निर्वाचन अधिकारी

सुल्तानपुर (स्वतंत्र चेतना)। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी त्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लो0स0सा0निर्वा0-2024 के अन्तर्गत चुनाव प्रचार रैली जुलूस सभा आदि आयोजित करने की अनुमति के सम्बन्ध में स्टैंडिंग कमेटी की द्वितीय बैठक (प्रत्येक मंगलवार) आयोजित की गयी।

उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को डेमो दिखाकर सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी तथा पपत्र भी उपलब्ध कराए गए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को वाहन (चार पहिया



तीन पहिया दो पहिया), रैली जुलूस आयोजित करने, सभा आयोजित करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय बनाने, नुक्कड़ सभा हेतु अनुमति तथा हेलीकाप्टर के उतारने के लिये अनुमति के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराया गयां।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूंची में किसी भी कारणवश छुटा हो, तो 26 अप्रैल, 2024 से पहले (फार्म-6) अप्लाई कर जुड़वा लें।

उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालने हेतु सभी को प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी. अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेंगी, अब सब को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न पार्टी पदाधिकारियें द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में कई सवाल-जवाब भी किये गये, जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जवाब भी दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नोडल अधिकारी सुविधा पोर्टल टीपी. सिंह, भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह, अपना दल जिला अध्यक्ष अविनाश पटेल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि कमर खान, समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि बब्बन प्रसाद यादव, आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि विजय कुमार, जिला महामंत्री (सपा) सलाउद्दीन अहमद, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि सुरेश कुमार गौतम सहित अन्य पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ.... दिनांक ....27 MAR 2024

दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ

## राजनैतिक दलों के साथ बैठक 28 को

अलीगढ़ । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता एवं नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाने से संबंधित कार्य के संबंध में जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ 28 मार्च को 10:00 बजे बैठक आहूत की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने सभी सम्बंधित से अनुरोध किया है कि दिनांक 28 मार्च को आयोजित बैठक में नियत समय व स्थान पर स्वयं प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# जिलाधिकारी ने मोबाइल ऐप सी विजिल किया लांच

चेतना ब्यूरो कार्यालय

कन्नौज। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढग से संपन्न कराएं जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी विजिल लांच किया है। सी विजिल ऐप के जरिए आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेंगे। यह एप निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रभावी हो गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकेगा। सी विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में सहायक है। एप का बीटा वर्जन लोगों व चुनाव कर्मियों के लिए उपलब्ध होगा। सी-विजिल एप से आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कैसे करें ?उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम



नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है? सी-विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत निस्तारण की नियत समयावधि 100 मिनट है।शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है। आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 जन संदेश टाइम्स, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चुनाव को लेकर हुई बैठक

जनसंदेश टाइम्स ब्यूरो सुलतानपुर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लो0स0सा0निर्वा0-2024 के अन्तर्गत चुनाव प्रचार/रैली/जुलूस/सभा आदि आयोजित करने की अनुमति के सम्बन्ध में स्टैंडिंग कमेटी की द्वितीय बैठक(प्रत्येक मंगलवार) आयोजित की गयी।उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी(प्रशा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को डेमो दिखाकर सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी तथा पपत्र भी उपलब्ध कराए गए, दिशा निदेर्शों से पुनः अवगत कराया



गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी राजनैतिक दलों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में किसी भी कारणवश छुटा हो, तो 26 अप्रैल, 2024 से पहले (फार्म-6) अप्लाई कर जुड़वा लें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालने हेतु सभी को प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महोदया द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेंगी, अब सत्र को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में कई सवाल-जवाब भी किये गये, जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) द्वारा निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जवाब भी दिया गया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी सुविधा पोर्टल टी.पी. सिंह, भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह, अपना दल जिला अध्यक्ष अविनाश पटेल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि कमर खान, समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि बब्बन प्रसाद यादव, आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि विजय कुमार, जिला महामंत्री(सपा) सल्लाउद्दीन अहमद, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि सुरेश कुमार गौतम सहित अन्य पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 आज, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

## मतदाता अपनी पहचान सिद्ध करने को 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का करें प्रयोग

अमेठी । जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना-मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड मनरेगा जाब कार्ड बैंको डाकघरों द्वारा जारी किये गये

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 आज, लखनऊ दिनांक 27 MAR 2024

# निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को मान्यता प्राप्त दलों के साथ बैठक



सुलतानपुर जिला निर्वाचन अधिकारीजिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी;प्रशासनद्ध गौरव शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन.2024 को स्वतंत्रए निष्पक्षए पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लो0स0सा निर्वा0.2024 के अन्तर्गत चुनाव प्रचारध्रैली जुलूसध्सभा आदि आयोजित करने की अनुमति के सम्बन्ध में स्टैंडिंग कमेटी की द्वितीय बैठक;प्रत्येक मंगलवारद्ध आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी;प्रशा0द्धध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को डेमो दिखाकर सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी तथा पपत्र भी उपलब्ध कराए गए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को वाहन ;चार पहियाध्तीन पहियाध्दो पहियाद्धए रैलीध्जुलूस आयोजित करनेए सभा आयोजित करनेए अस्थायी पार्टी कार्यालय बनानेए नुक्कड़ सभा हेतु अनुमति तथा हेलीकाप्टर के उतारने के लिये अनुमति के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से पुन: अवगत कराया गया। जिलानिर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में किसी भी कारणवश छुटा होए तो 26 अप्रैलए 2024 से पहले ;फार्म.6द्ध अप्लाई कर जुड़वा लें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालने हेतु सभी को प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेंगीए अब सब को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में कई सवाल.जवाब भी किये गये